# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप

### राज्य सरकार से लंबित महंगाई भत्ता भुगतान की मांग



**बिलासपुर।** केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी बढ़ोत्तरी की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के बाद करीब 50 लाख केन्द्रीय कर्मचारी एवं 65 लाख पेंशन भोगी कर्मचारियों में खुशी की लहर है। केन्द्र की घोषणा का राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ ने आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय महामंत्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केन्द्र की तरह छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा की गई थी। घोषणा तिथि से एवं वर्ष 2017 से 2025 तक करीब 79 माह हो चुके हैं, लेकिन यह घोषणा अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इस घोषणा को तत्काल अमल पर लाया जाए, ताकि राज्य के कर्मचारियों को भी इसका फायदा मिल सके।

### मूक-बधिर पीयूष रावण पुतला बनाने में माहिर



**बिलासपुर।** गुरुवार 2 अक्टूबर को विजया दशमी पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लोग जगह-जगह रावण का दहन करेंगे। इसके मद्देनजर कलाकार अपनी कला से रावण के पुतले बनाने लगे हैं। इसमें मूक-बधिर युवक पीयूष सागर भी शामिल है। इनके द्वारा विविध साइज के रावण पुतले बनाए जा रहे हैं। उनका यह काम पिछले 10 साल से चल रहा है।मां-बाप के हुनर का बच्चों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। बच्चे अपने पैरेंट्स का देख कर उसका अनुशरण करते हैं और आगे चल कर उसका भी उसी में कैरियर बन जाता है। मूक-बधिर पीयूष सागर पर भी अपने पिता की कला का बेहद असर है। वे भी अपने पिता की इस कला को सीख कर रावण का पुतला बनाने में माहिर हो गया है। पीयूष ने बताया कि इस बार वह 1-2 फीट व 5-6 फीट का रावण पुतला बनाया है। इसकी कीमत 50 रूपए से लेकर 1 हजार रूपए तक है। उन्होंने बताया कि रावण पुतला बनाने लकड़ी, कलर व सफेद पेपर, चमकीला, पैरा व चिपकाने फेविकोल का उपयोग किया जाता है। उनकी इस कला की विशेषता यह है कि सारे रावण पुतले विजया दशमी के दिन ईदगाह चौक से शाम होते-होते बिक जाते हैं।

**दूर संचार** | बिलासपुर, रायगढ़ एवं सरगुजा में अब तक 1133 बीटीएस 4 जी में अपग्रेड

# दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में हाईस्पीड इंटरनेट प्रदान कर रहा बीएसएनएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



भारत सरकार ने स्वदेशी तकनीक पर आधारित 97 हजार 500 से अधिक मोबाइल 4जी टावर लगाया है। बीएसएनएल के मुताबिक स्वदेशी 4जी सेवाओं के क्षेत्र में, बिलासपुर व्यवसायिक क्षेत्र (बिलासपुर, रायगढ़ एवं सरगुजा प्रचालन क्षेत्र) अब तक 1133 बीटीएस को 4 जी में अपग्रेड कर चुका है। फेज IX-2 के तहत 844 मौजूदा टॉवरों में से 791 को स्वदेशी 4जी में अपग्रेड किया गया है, जबकि डिजिटल भारत निधि डीबीएम (यूएसओएफ) परियोजना के अंतर्गत 476 टॉवरों में से 342 को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है।

पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बिलासपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक निलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 2024-25 में बिलासपुर व्यावसायिक क्षेत्र में मोबाइल के लगभग 1,54,106 उपभोक्ता जोड़े गए जिसमें 56,495 एमएनपी के माध्यम से अन्य ऑपरेटरों से आये । इस वित्तीय वर्ष में अब तक बिलासपुर व्यावसायिक क्षेत्र ने 36,276 नए मोबाईल कनेक्शन जोडे, जिनमें से 5500 ग्राहक एमएनपी के माध्यम से अन्य ऑपरेटरों से आए हैं। उन्होंने बताया कि फ्रीडम प्लान के तहत बिलासपुर व्यावसायिक परिक्षेत्र में 18 हजार 877 (अम्बिकापुर-8194, बिलासपुर-6910 एवं रायगढ़-3773) ग्राहक जुड़े हैं।

### तेज इंटरनेट और बेहतर सुरक्षा मिल रही

इसके साथ ही बिलासपुर व्यावसायिक परिक्षेत्र में एफटीटीएच ग्राहकों की संख्या 12,631 (अम्बिकापुर 2683, बिलासपुर 6939 एवं रायगढ 3009) के महत्वपूर्ण आंकडे पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अम्बिकापुर और रायगढ़ ऑपरेशनल एरिया में सभी वायर लाईन ग्राहकों को फाइबर मीडिया पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे ग्राहकों को तेज इंटरनेट स्पीड, कम लेटेन्सी और बेहतर सुरक्षा मिल रही है। बिलासपुर में यह कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक निलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर द्वारा बिलासपुर व्यावसायिक क्षेत्र के 755 ग्राम रायगढ़-197, सरगुजा-389) एवं पंचायतों (बिलासपुर-169, 216 स्कूलों (बिलासपुर-105, रायगढ़-41, सरगुजा-70) को इंटरनेट कनेक्शन दिया गया है।

### हाईकोर्ट और सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी कनेक्शन

उन्होंने बताया कि बीएसएनएल दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में हाईस्पीड इंटरनेट प्रदान कर रहा है एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गर्वर्नेस और आर्थिक विकास को गति देने का महत्वपूर्ण साधन भी बन रहा है। इस परियोजना से गाँवो के लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ ले रहे है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने ईबी के क्षेत्र में कई प्रमुख कार्य किएं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में बीएसएनएल ने अपनी वाई फाई सेवा हाईकोर्ट और सेंट्रल यूनिवर्सिटी में दी है। इसके साथ ही बी.एस.एन.एल. ने इस वर्ष राष्ट्रीय वाई-फाई रोमिंग सेवा सहित कई नई सेवायें आरंभ की है। इसके साथ ही बी.एस.एन.एल. उपभोक्ताओं के लिए ई सिम सेवाएं भी जल्द ही उपलब्ध कराईं जाएंगी।

# युवा हमेशा बुजुर्गों का करें सम्मान : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन स्थान पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शाला परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धरमलाल कौशिक ने की। वृद्धजन दिवस पर अतिथियों ने 500 से ज्यादा बुजुर्गों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर किया आशीर्वाद लिया।

मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि मैं वरिष्ठ नागरिकों के लिए हमेशा समर्पित रहता हूँ और आशा करता हूँ कि युवा हमेशा इनका सम्मान करें। दुर्गा नवमी के उपलक्ष्य में इनका सम्मान करके भाग्यशाली मानते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि माता-पिता को अपने घर में जो सम्मान देते हैं, वही सम्मान हमें सभी बुजुर्गों को देना चाहिए और हमारे युवाओं को इन बुजुर्गों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वरिष्ठजनों का श्रीफल, फूलमाला, शाल से उनके यथास्थान पर पहुंचकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सबसे पहले वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष विभाग द्वारा 300 से भी अधिक वरिष्ठजनों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। सियान जतन क्लिनीक से होम्योपैथिक उपयोगिता एवं परीक्षण कर चिकित्सक द्वारा दवाईयाँ दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुगर, बी.पी. जांच के साथ-साथ 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठजनों का वयवंदन आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर द्वारा मोबाईल चलित मेडिकल यूनिट के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले वरिष्ठजनों की जांच की जाकर दवाईयाँ वितरित की गई। कार्यक्रम में श्रीमती रिची जैन सिविल जज विधिक सेवा प्राधिकरण ने माता-पिता भरण-पोषण नियम 2007 के संबंध में वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टीपी भावे ने स्वागत भाषण में वरिष्ठजनों के लिए संचालित अधिनियम एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती शुभा गरेवाल, आयुष अधिकारी यशपाल सिंह ध्रुव, डॉ.श्रुति थवाईत, डॉ.पूजा पाटले, श्रीमती बबीता कमलेश, डॉ.बालेन्द्र त्रिपाठी, डॉ.रक्षित जोगी, डॉ.नेहा द्विवेदी, श्रीमती रेणुका पिंगले, श्रीमती सरस्वती रामेश्री, सरस्वती जायसवाल, राजकुमारी सोनी, उत्तम राव, संजय खुराना, अशोक अग्रवाल, दीक्षांत पटेल, सौरभ दीवान, अनिश मानिकपुरी के साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स संगठनों के अध्यक्ष/सचिव में प्रकाश देवरस, राकेश श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, सत्यभामा अवस्थी, आरपी शर्मा, जानकी प्रसाद शुक्ला मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश तिवारी एवं प्रशांत मोकाशे ने किया।

### बुजुर्गों का सम्मान एवं देखभाल समाज की सबसे बड़ी प्राथमिकता : कलेक्टर



**बिलासपुर।** विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को समाज के बुजुर्गों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य जांच और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। जनपरिषद द्वारा संचालित कल्याण कुंज वृद्धाश्रम मैं अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर द्वारा बुजुर्गों की विशेष स्वस्थ जांच एवं अपोलो के प्रिवेंटिव केयर विभाग के फिजिशियन डॉ. मंदार गोकाते ने परामर्श दिया। समाज को उनकी देखभाल के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एच बी ए 1 सी, लिपिड प्रोफाइल एवं लिवर फंक्शन टेस्ट की जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। डॉ. गोकाते ने शुगर, उच्च रक्त-चाप, अल्जाइमर, हृदय रोग एवम् गठिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों के साथ-साथ उचित खानपान और जीवनशैली के बारे में सलाह भी दी। कलेक्टर आईएएस संजय अग्रवाल ने बुजुर्गों के सम्मान, स्वस्थ जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की सराहना एवं बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य को समाज की पहली प्राथमिकता बताया। कल्याण कुंज वृद्धाश्रम के 45 वृद्धजन लाभान्वित हुए। वृद्ध दिवस के अवसर पर सभी निवासरत महिला पुरुष का सम्मान कलेक्टर महोदय द्वारा शाल, श्रीफल,साड़ी देकर किया गया। इस अवसर पर जनपरिषद के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सचिव नवनीत अग्रवाल, महासचिव अरुणा दीक्षित, सुरेश गोयल, डीएस राजपाल, सीता सौंथलिया, सतीश शाह, राकेश झा आदि उपस्थित रहे।



तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



दशहरा के पूर्व चौक-चौराहों पर रेडिमेड रावण के पुतलों की दुकान सज गई है।

## दशहरा में लगी सिम्स के डॉक्टरों की ड्यूटी

**बिलासपुर।** दशहरा पर्व के दौरान सिम्स प्रबंधन ने इमरजेंसी के दौरान डॉक्टरों की ड्यूटी रोस्टर के आधार पर 24 घंटे की ड्यूटी लगाई है। इसमें मेडिसीन में डॉ. नवनीत अग्रहरी, डॉ. आशुतोष कोरी, सर्जरी में डॉ. कमल प्रसाद देवांगन, आर्थोपेडिक में डॉ. संजय कुमार घिल्ले, पेडिएट्रिक्स में डॉ. अभिषेक कलवानी, डॉ. समीर कुमार जैन और ईएनटी में डॉ. विद्याभूषण साहू ड्यूटी करेंगे। सिम्स के अधीक्षक ने सभी चिकित्सा शिक्षक और चिकित्सक को अपना फोन चालू रखने के साथ वार्ड में भर्ती मरीज की स्थिति की जानकारी लेने और कॉल व सूचना आने पर शासकीय वाहन की प्रतीक्षा न करते हुए अपने संसाधन वाहन से ही तत्काल वार्ड में पहुंचाने का आदेश दिया है।

# 18 कोच की बिलासपुर-कोरबा स्पेशल में सिर्फ 35 यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ और उनकी सुविधा के लिए मंगलवार की शाम बिलासपुर से कोरबा के लिए पहली स्पेशल ट्रेन चलाई। 18 कोच वाली स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से केवल 35 यात्रियों को लेकर रवाना हुई।

नवरात्रि एवं दशहरा पर्व से लेकर दीपावली और छठ पर्व में ट्रेनों के जनरल कोच, स्लीपर कोच से लेकर एसी कोच में यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन रेल प्रशासन ने शुरु कर दिया है। बिलासपुर के साथ जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के सभी स्टेशन से करीब 120 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाना है, जिसमें रेलवे के अनुसार डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक सफर करने की सुविधा मिलेगी। इन सभी स्पेशल ट्रेनों में सामान्य एक्सप्रेस, मेल व सुपरफास्ट ट्रेनों में लगने वाले किराए से अतिरिक्त 30 फीसदी की राशि यात्रियों से ली जा रही है। सभी स्पेशल ट्रेनों का रेल अफसरों के अलावा कर्मचारी भी लगातार प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इसके बावजूद इन स्पेशल ट्रेनों में सफर करने के लिए ज्यादातर यात्री अपनी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी तरह की एक पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन मंगलवार की शाम 6 बजे बिलासपुर से कोरबा के लिए किया गया। यह ट्रेन बिलासपुर से 08203 नंबर के साथ रवाना हुई, जिसका स्टापेज जयरामनगर, कोटमीसोनार, अकलतरा, कापन, जांजगीर-नैला, चांपा, बालपुर हॉल्ट, कोठारी रोड, मड़वारानी, सरगबुंदिया, उरगा स्टेशन के अलावा रात 20.30 बजे कोरबा स्टेशन में दिया गया। इसी तरह कोरबा से 08204 कोरबा-बिलासपुर बनने के बाद देर रात 00.30 बजे बिलासपुर जोनल स्टेशन में पहुंची। शाम 6 बजे बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म से रवाना होने के दौरान 18 कोच वाली ट्रेन में कोरबा की ओर जाने के लिए केवल 35 यात्री ही सवार हुए।

### खाली चलने के कारण रेलवे को भी करोड़ों का नुकसान



### करोड़ों का नुकसान

रेल प्रशासन यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रही है, ताकि प्रतिदिन चलने वाली सामान्य एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, मेल में भीड़ के कारण उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो सके। स्पेशल ट्रेन में किराए की अतिरिक्त 30 फीसदी राशि के साथ रेलवे को करोड़ों रुपए का फायदा भी होगा, लेकिन कोच में यात्रियों की संख्या कम होने के कारण नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### चलाई जा रही पूजा स्पेशल

#### बिलासपुर-हडपसर पुणे पूजा स्पेशल

08265/08266 बिलासपुर-हड़पसर पुणे के बीच एक फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन 22 और 23 अक्टूबर को किया जाएगा। 22 को ट्रेन पुणे से और 23 को बिलासपुर से पुणे के बीच रवाना की जाएगी, जिसमें एसी टू, एसी थ्री, एसी थ्री इकॉनामी में सैकड़ों की संख्या में बर्थ खाली हैं।

#### बिलासपुर-यलहंका पूजा स्पेशल

08261/08262 बिलासपुर-यलहंका के बीच 22 फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन 9 सितम्बर से शुरु हो चुका है, जो 18 नवंबर तक चलाई जाएगी। बेंगलुरु यलहंका से ट्रेन का परिचालन प्रति मंगलवार को और बिलासपुर से बुधवार को होगा। इस ट्रेन में एसी टू, एसी थ्री, एसी थ्री इकॉनामी और स्लीपर में पर्याप्त बर्थ खाली हैं। इस ट्रेन का वाणिज्यिक स्टापेज जोन के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया में दिया जा रहा है।

#### दुर्ग-सुल्तानपुर पूजा स्पेशल

08763/08764 दुर्ग-सुल्तानपुर के बीच 12 फेरे के लिए ट्रेन 13 सितम्बर से 30 नवंबर तक चल रही है। दुर्ग से प्रति शनिवार को और सुल्तानपुर से प्रति रविवार को चलने वाली ट्रेन के एसी टू, एसी थ्री, एसी थ्री इकॉनामी और स्लीपर में बर्थ खाली हैं, जिसका स्टापेज दुर्ग, रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

#### दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल

08760/08761 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल ट्रेन 8 फेरे के लिए 5 अक्टूबर से 24 नवंबर तक चलाई जाएगी। हजरत निजामुद्दीन से ट्रेन प्रति रविवार को और दुर्ग से प्रति सोमवार को रवाना होने वाली पूजा स्पेशल के एसी टू, एसी थ्री, एसी थ्री इकॉनामी और स्लीपर में बर्थ उपलब्ध हैं। गाड़ी का वाणिज्य ठहराव जोन के दुर्ग, रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन में दिया जाएगा।

#### इतवारी-धनबाद पूजा स्पेशल

08875/08876 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से धनबाद के बीच एक-एक फेरे के लिए चलने वाली ट्रेन 17 और 18 अक्टूबर को चलेगी, जिसका स्टापेज दोनों दिशाओं के रेलवे स्टेशन गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशन में होगा। ट्रेन में एसी टू और एसी थ्री कोच के साथ स्लीपर कोच भी लगाया जाएगा, जिसमें बर्थ खाली होने के कारण यात्री कंफर्म बर्थ की बुकिंग कर सकते हैं।

#### इतवारी-जयनगर पूजा स्पेशल

08869/08870 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-जयनगर के बीच चार-चार फेरे के लिए ट्रेन का परिचालन 16 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। रेलवे के अनुसार इतवारी से चलने वाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के एसी टू, एसी थ्री, स्लीपर में बर्थ खाली हैं, जिसका स्टापेज गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ स्टेशन में दिया जाएगा।



पुलिस मैदान में बनाया गया रावण का विशाल पुतला।

## शहर में जगह-जगह होगा रावण दहन आज

**बिलासपुर।** शहर में गुरुवार 2 अक्टूबर को धूमधाम से विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रावण के विशाल पुतलों का दहन होगा।

**स्थान :** पुलिस ग्राउंड
**उंचाई :** 70 फीट
**समय :** शाम 6 बजे
**मुख्य अतिथि :** विधायक अमर अग्रवाल

**स्थान :** साइंस कॉलेज मैदान
**उंचाई :** 101 फीट
**समय :** रात 8 बजे
**मुख्य अतिथि :** केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।
**अध्यक्षता करेंगे :** विधायक अमर अग्रवाल

**स्थान :** लाल बहादुर शास्त्री
**उंचाई :** 60 फीट
**समय :** शाम 6 बजे।
**मुख्य अतिथि :** अमर अग्रवाल।
**अध्यक्षता करेंगे :** विधायक सुशांत शुक्ला

**स्थान :** मिनोचा कालोनी
**उंचाई :** 60 फीट का रावण।
**समय :** शाम 6 बजे।
**मुख्य अतिथि :** महापौर पूजा विधानी।
**अध्यक्षता करेंगे :** कमल सोनी, प्रमोद खेड़िया

**स्थान :** कन्या शाला नूतन चौक सरकंडा
**समय :** शाम 7.30 बजे
**मुख्य अतिथि:** अमर अग्रवाल।
**अध्यक्षता करेंगे :** विधायक सुशांत शुक्ला

**स्थान :** रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट
**समय :** शाम 6 बजे
**मुख्य अतिथि :** विधायक अमर अग्रवाल
**अध्यक्षता करेंगे :** रेलवे जीएम तरुण प्रकाश

**स्थान :** चिंगराजपारा स्कूल
**समय :** शाम 7 बजे।
**मुख्य अतिथि :** कांग्रेस नेता अनिल टाह।
**अध्यक्षता करेंगे :** विजय केशरवानी

### रेलवे क्षेत्र में बनाई गई थी अलग तरह की झांकी

# पागलपन पर बनी झांकी मानवाधिकार में शिकायत पर तत्काल प्रभाव से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्यार में धोखा, पत्नी के छोड़कर चले जाने का वियोग और मोबाइल नहीं मिलने के बाद कोई व्यक्ति पागल कैसे होता है, और पागल होने के बाद उसकी गतिविधियां कैसे होती हैं? रेल्वे क्षेत्र की एक दुर्गोत्सव समिति द्वारा इस विषय पर एक झांकी प्रस्तुत की गई थी। हालांकि समिति का किसी बीमारी या बीमार के प्रति कोई गलत धारणा नहीं थी, लेकिन समाज में कोई गलत मैसेज न जाए इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा सूचना मिलते ही इस झांकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं।

शहर में एक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों पर एक झांकी प्रस्तुत की गई थी। झांकी में एक पागलखाना बनाया गया था, जिसमें करीब 22 कलाकारों के माध्यम से यह बताया गया था कि वर्तमान परिदृश्यों में कोई व्यक्ति किन-किन कारणों से पागलपन का शिकार हो रहा है। झांकी में बिजली के झटके देने, पैदायशी पागल, सेना की भर्ती हेतु पागल, शादी करने के लिए पागल, नशे के लिए पागल व अपने बेटे के लिए माता के पागलपन जैसे प्रस्तुतिकरण दिए गए थे। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इस झांकी को लेकर मानवाधिकार के क्षेत्र में काम करने वाली एक महिला द्वारा सीधे आयोग को शिकायत की गई थीं, जिस पर सूचना मिलते ही कलेक्टर द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




- रेल्वे क्षेत्र की एक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मानसिक रूप से बीमारों पर बनाई गई थी झांकी
- किसी बीमारी के ऐसे प्रस्तुतिकरण से गलत मैसेज न जाए इसलिए कार्रवाई

#### कार्रवाई के बाद बदली

कलेक्टर द्वारा मेंटल हेल्थ को लेकर बनाई गई झांकी को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के बाद दुर्गोत्सव समिति द्वारा झांकी की थीम बदल दी गई। समिति ने पागलखाने के स्थान पर उन्हीं कलाकारों के माध्यम से वृद्धाश्रम के ऊपर झांकी प्रस्तुत की है।




#### बीस रूपए प्रवेश शुल्क के साथ तीन दिन चली झांकी

शहर में दुर्गोत्सव की धूम नवरात्र की षष्ठी तिथि से प्रारंभ हो जाती है। इस दौरान दुर्गोत्सव समितियों द्वारा शहर में नाम कमाने के उद्धेश्य से बढ़-चढ़कर झांकी प्रस्तुत की जाती है। झांकी में श्रद्धालुओं को प्रवेश देने के लिए दस से बीस रूपए का सहयोग शुल्क भी निर्धारित रखा जाता है। रेल्वे क्षेत्र की उक्त झांकी भी षष्ठी तिथि से प्रारंभ की गई थी, जो कि अष्टमी तिथि तक प्रदर्शित की गई। सूचना मिलने पर बुधवार नवमी तिथि की सुबह झांकी को तत्काल बंद करवाया गया।

#### बंद कराया गया प्रदर्शन

रेल्वे क्षेत्र की एक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मेंटल हेल्थ को लेकर एक झांकी प्रस्तुत करने की सूचना प्राप्त हुई थी। समिति का उद्देश्य किसी को चोट पहुंचाने का नहीं था, लेकिन इस तरह के प्रस्तुतिकरण से व्यक्तिगत या सामाजिक भावनाएं आहत हो सकती हैं, जिसका ध्यान हम सभी को रखना चाहिए। समिति द्वारा समझाईश देते ही झांकी का प्रदर्शन तत्काल बंद कर दिया गया है।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर बिलासपुर

### साइंस कालेज मैदान के गेट पर तैनात रही पुलिस

# रावण विवाद : कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने से नाराज लोगों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कालेज मैदान में रावण दहन की अनुमति नहीं मिलने पर अरपांचल लोकमंच द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अरपांचल लोकमंच से जुड़े लोगों ने रैली निकालकर साइंस कालेज मैदान पहुंचे। लेकिन मेनगेट पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें भीतर प्रवेश करने से रोक दिया। इस पर नारेबाजी करते हुए लोगों की भीड़ गेट के सामने ही धरना प्रदर्शन करने लगी। धरना के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की ओर से मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध जताया।

साइंस कालेज मैदान में दशहरा उत्सव तहत रावण बनाने का काम चल रहा है, इसलिए अरपांचल लोकमंच के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पहले से ही वहां पर पुलिस बल मेनगेट के पास तैनात थी और मेनगेट को बंद करा दिया गया था। दोपहर करीब एक बजे जब प्रदर्शनकारियों की रैली वहां पहुंची तो गेट के बाहर ही पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया, जिसपर प्रदर्शनकारी वहीं सामने धरने में बैठ गए। प्रशासन की ओर से तहसीलदार प्रकृति ध्रुव मौके पर पहुंचीं, जिनके समक्ष पुलिस की उपस्थिति में अपनी बात रखते हुए अरपांचल लोकमंच के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन करने वाले अरपांचल लोकमंच के लोगों का कहना है कि साइंस कालेज मैदान में दशहरा उत्सव के लिए प्रशासन द्वारा सिद्धार्थ भारती नाम के व्यक्ति को आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है, जबकि दशहरा उत्सव के आमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है उसमें आयोजक के रूप में अरपांचल दशहरा समिति का नाम अंकित है। दूसरी तरफ पूरे विवाद में एक आश्चर्यजनक घटना यह भी सामने आई कि जो अनुमति प्राप्त आयोजकों के आमंत्रण पत्र में कांग्रेस के दो पार्षद मोहन श्रीवास एवं सुनील सोनकर का नाम शामिल किया गया है जबकि ये दोनों कांग्रेसी पार्षद आज के धरना विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। इन पार्षदों के अनुसासर उनकी बिना सहमति के आमंत्रण पत्र में नाम डाला गया है जिसका वे विरोध करते हैं।

रावण दहन की अनुमति नहीं मिलने को लेकर आज के विरोध प्रदर्शन में समर्थन देने पहुंचे लोगों में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, सुधांशु मिश्रा, सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, राजू ठाकुर, पिंकू पाण्डेय, सूर्यमणि तिवारी, पुष्पेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, रोहित कौशिक, मनीष गढ़ेवाल, बजरंग बंजारे, रामप्रकाश साहू, अंकित प्रजापति, मिक्की मिश्रा, अभिषेक शुक्ल, गौतम विकाश, संदीप यादव, शुभम जायसवाल, संस्कार तिवारी, अभिषेक वर्मा आदि पहुंचे थे।



साइंस कालेज मैदान में रावण दहन की अनुमति नहीं मिलने पर धरना देते अरपांचल लोकमंच के सदस्य।

# कानन जू के दैनिक कर्मियों ने किया काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को इधर-उधर किया गया, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कर्मचारियों ने विरोध कर काम बंद कर दिया। कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद कानन प्रबंधन ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर जू का काम कराया।

- आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर कराया गया काम

अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर में शामिल कानन पेण्डारी जू में परमानेंट कर्मचारियों से ज्यादा कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी हैं, जिनसे जू कीपर के अलावा केज में वन्यप्राणियों की देखभाल और उनके आहार से लेकर सारे कार्य कराया जाता है। कानन जू में ड्यूटी टाइम से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम करते हैं। कानन पेण्डारी जू में करीब 120 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम करते हैं। बुधवार को कानन प्रबंधन जू ने एक नया आदेश जारी करते हुए 10 से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का दायित्व बदलकर इधर-उधर करने एक सूची निकाल दिया। इस सूची के निकलते ही नाराज कर्मचारियों ने प्रबंधन के पास जाकर अपना विरोध जताया, लेकिन इसका प्रबंधन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। प्रबंधन की ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करने पर सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अचानक पूरा काम बंद कर दिया और मेन गेंट के बाहर जाकर खड़े हो गए। कर्मचारियों के काम बंद करने के कारण कानन जू का कार्य प्रभावित हुआ।

आनन-फानन में कानन प्रबंधन ने स्टाफ को आसपास के गांव से ग्रामीणों को लाने का आदेश दिया, जिसके उपरांत 50 ग्रामीणों को बुलाकर कानन जू का काम कराया गया। इस संबंध में कानन पेण्डारी जू के अधीक्षक राजेन्द्र सोरी ने बताया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को इधर-उधर किया गया है। इसकी वजह से काम प्रभावित हो रहा है। इस समस्या को दशहरा के दिन देखा जाएगा।




जय श्री राम
अधर्म पर धर्म की विजय... रावण पर श्रीराम की विजय
के प्रतीक पावन पर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समस्त नगरवासियों को विजयादशमी पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय श्री राम
21 वर्षों से
आपकी सेवा में तत्पर
नवंबर, दिसंबर, जनवरी की एडवांस बुकिंग पर
10%
की विशेष छूट
सबसे मिनिमम दर पर
आपकी सेवा में
120/- प्रति प्लेट
की दर से प्रारंभ
तनुश्री केटरिंग सर्विस
"Tasty food & Unique Service"
शादी, पार्टी व अन्य सभी मांगलिक अवसरों पर लंच,
डिनर, ब्रेक फास्ट एवं लजिज व्यंजन सहित अनूठी प्रस्तुति...
अनिरूद्ध मिश्रा
संचालक
प्रशिक्षित वेटर
व वेट्रेस द्वारा सर्विस
शादी, पार्टी व अन्य
सभी कार्यक्रमों हेतु
संपर्क करें-
पताः- राजेन्द्र नगर मेन रोड, बृहस्पति बाजार रोड बिलासपुर (छ.ग.)
फोन. 07752-298169 मो. 98931-39104, 98271-39104
DELL hp Lenovo ASUS
All Type of
CCTV Camera Available
प्रत्येक
खरीदी पर
निश्चित उपहार
Desktop Computer
10,000/-* से प्रारंभ
ऑनलाईन से
कम दाम की गारंटी
ऑनलाईन खरीदी
से पहले संपर्क करें
Laptop
15,000/-* से प्रारंभ
All Type Printer
एक्सचेंज
सुविधा उपलब्ध
कम्प्यूटर एण्ड कम्प्यूटर्स
2-हॉटल मिडटाउन कॉम्पलेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड,
होटल गैण्ड अम्बा के बगल में, बिलासपुर मो. 98271-53134
जय श्री राम
अधर्म पर धर्म की विजय...
रावण पर श्रीराम की विजय
के प्रतीक पावन पर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
संजय सिंह राजपूत
राष्ट्रीय संयोजक
(छत्तीसगढ़ स्वराज सेना)
राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी
निषाद पार्टी
9039000027
समस्त क्षेत्रवासियों को
विजयादशमी
की शुभकामनाएं
प्रशांत त्रिपाठी
अजय सोनी
अधर्म पर धर्म की विजय...
रावण पर श्रीराम की विजय
के प्रतीक पावन पर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
जय वाधवानी
पार्षद बैरिस्टर छेदीलाल नगर
वार्ड क्रमांक - 50
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मनीष लाहोरानी
अध्यक्ष
अमित संतवानी
महामंत्री
मुकेश मूलचंदानी
कोषाध्यक्ष
सिंधी युवक समिति बिलासपुर
असत्य पर सत्य के जीत के पर्व
विजय दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
नलिनी प्रभा देव प्रसाद रॉय कला
वाणिज्य, विज्ञान पीजी महाविद्यालय
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
डी. के.राय-संचालक
07752-358531, 9303296088
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभ स्वास्तिक
कंस्ट्रक्शन
गुणवत्ता ही
हमारी विशेषता है
प्रो. आदर्श तिवारी
हमारी सेवायें :-
मकान एवं भवन निर्माण ।
रजिस्ट्री संबंधित सभी कार्य ।
डायवर्सन, नक्शा, लेआउट, नामांतरण ।
बैंक संबंधित सभी कार्य ।
वास्तु सलाह ।
इंटिरियर डिज़ाइनिंग ।
मॉड्यूलर किचन ।
इलेक्ट्रीकल एवं सेनेटरी फिटिंग ।
गार्डनिंग ।
डिसमेंटलिंग ।
रिनोवेशन ।
प्रीकॉस्ट ।
LOAN
मेन रोड नेहरू नगर, बिलासपुर
Book Now : 8319118088, 7869555500
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आर.डी. बोरवेल्स
(फास्टिंग एवं ट्रैक्टर मशीन द्वारा)
सबमर्सिबल पंप, पाईप पैनल बोर्ड
एवं फिटिंग की सुविधा उपलब्ध
फास्टरिंग एवं कैलिक्स मशीन द्वारा घर, खेत, प्लाट एवं
सभी जगह पर 5,6,7 एवं 8 इंच रेती, बजरी, बोल्डर में
गारंटी व सबसे कम दर पर बोर किये जाते हैं।
प्रहलाद यादव
सम्पर्क : आई.जी. आफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
दीन दयाल कॉम्प्लेक्स, मंगला, बिलासपुर
मो. : 9300324706, 8827233770
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
ANJANI BUILDCON
भवन निर्माण मटेरियल सहित
आपके
सपनों का आशियाना
हमारी जिम्मेदारी
Structure
₹ 1100
Sqft
Standard
₹ 1450
Sqft
Premium
₹ 1600
Sqft
देवरीखुर्द, सिरगिट्टी, मोपका में प्लाट व मकान उपलब्ध।
Nikhil Tower, Shop No. 27, Seepat Road, Mopka, Bilaspur
6261962696, 9827209827 www.anjanibuildcon.in
जय श्री राम
अधर्म पर धर्म की विजय...
रावण पर श्रीराम की विजय
के प्रतीक पावन पर्व
विजयादशमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
विजय भा
पार्षद
नगर पालिका परिषद
बोदरी

**खबर संक्षेप**

## रेनीश को रांची विवि ने दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** केदारपुर, क्राइस्ट चर्च के पास अंबिकापुर जिला सरगुजा निवासी डॉ. रेनीश जायसवाल सुपुत्र श्याम किशोर जायसवाल एवं श्रीमती शशि किरण जायसवाल को वायबीएन विश्वविद्यालय रांची, झारखंड द्वारा फॉर्मेसी की पीएचडी की उपाधि से विभूषित किया गया। इनका शोध का विषय सिंथेसिस, कैरेक्टराइजेशन एंड इवोल्यूशन ऑफ एंटीऑक्सीडेंट एंड एन्टीडायबिटिक पोटेंशियल ऑफ नॉवेल डेरिवेटिव्स अज़ीरिडिंन था। इनके शोध निदेशक डॉ. आशीष सरकार डीन प्राचार्य, वायबीएन विश्वविद्यालय रांची, झारखंड है।

## रांची से ली पीएचडी की उपाधि सुधीश ने

**बिलासपुर।** मुंगेली नाका निवासी डॉ. सुधीश राय सुपुत्र अश्वनी लाल राय एवं श्रीमती राय ने वायबीएन विश्वविद्यालय रांची से डेवलपमेंट एंड वेलिडेशन आफ एनालिटिकल मेथड फार क्वालिटी कंट्रोल आफ हर्बल फार्मास्यूटिकल विषय में फार्मेसी की पीएची उपाधि प्राप्त की है। इनके शोध निदेशक वायबीएन विश्वविद्यालय रांची झारखंड के डीन प्राचार्य डॉ. आशीष सरकार हैं।

## रेलवे स्कूल में विशेष स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत बिलासपुर मंडल के चिकित्सा विभाग ने मंडल के प्रमुख स्टेशन, रेल परिसर, कार्यालय, कार्यस्थलों एवं रेल कालोनियों में महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित किए। टीम ने महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रेल कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस क्रम में डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं व किशोरियों की जांच की।

# पुलिस लाइन के 100 से अधिक परिवारों के लिए एक ट्यूबवेल, वह भी खराब, पानी के लिए तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस लाइन के करीब 100 परिवारों के लिए मात्र एक ट्यूबवेल है। मकानों की संख्या अधिक होने से ट्यूबवेल का पावर पंप लोग आए दिन खराब होता रहता है, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। जरूरत के बाद दूसरे ट्यूबवेल नहीं कराया जा रहा है। शनिवार को बोर खराब होने से कालोनी में पानी के लिए हहाकार मच गया। टेंकर से पानी की सप्लाई की गई है।

पुलिस लाइन पेट्रोल पंप लाइन में नए पुलिस क्वार्टर बनाए गए हैं। जिसमें 60 से 70 पुलिसवाले परिवार सहित रहते हैं। इसके अलावा पुलिस लाइन के अंदर करीब 40 पुलिसकर्मी परिवार के साथ जर्जर मकानों में रहते हैं। इन सभी घरों में पानी सप्लाई के लिए पेट्रोल पंप के पीछे एक ट्यूबवेल का खनन कराया गया है। मकानों की संख्या अधिक होने से आए दिन इसमें लगा पावर पंप खराब हो जाता है, जिससे पुलिसकर्मियों के परिवार को पानी इधर उधर भटकना पड़ता है। जेल लाइन के पास रहने वाले जेल परिसर से पानी लाकर काम चलाते हैं। वहीं नगर निगम से पानी टेंकर मंगाकर काम चलाया जाता है। शनिवार को दोपहर में बोर खराब हो गया है, जिससे पुलिसकर्मियों के घरों में पानी सप्लाई बंद हो गई। ज्ञात हो नवरात्र चलने से अधिकांश पुलिस परिवार के घरों माता रानी की आराधना की जा रही है। पानी की सप्लाई नहीं होने से पुलिस परिवार के लोगों में हाहाकार मच गया है। आलम यह रविवार की सुबह पुलिसकर्मियों को बिना नहाए ड्यूटी जाना पड़ा है। वहीं नगर निगम से टेंकर मंगाकर पानी सप्लाई की गई है। रविवार को दोपहर में बोर को बनवाने के बाद कालोनी के लोगों ने राहत की सांस ली है।



पुलिस लाइन में पानी के लिए खड़ी महिलाएं।



### प्रस्ताव भेजा गया है

कालोनी में घरों की संख्या अधिक है जिससे समस्या सामने आ रही है। एक अतिरिक्त ट्यूबवेल खनन का प्रस्ताव भेजा गया है।

**-उपेंद्र गुप्ता**
आरआई

### दूसरा बोर लगाने की मांग

कालोनी के लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप लाइन में पुलिस क्वार्टर बनने पर पुराने बोर से वहां पानी की सप्लाई की जा रही थी, तब कालोनी के लोगों ने विरोध किया था, किन्तु अधिकारियों ने एक नहीं सुनी और उसी बोर पानी का सप्लाई जोड़ दिया। मकानों की संख्या अधिक होने से आए दिन ट्यूबवेल खराब होता रहता है। शिकायत के बाद भी बोर नहीं सुधरवाने पर चंदा कर इसे सुधरवाया जाता है। कई बार एक और नए ट्यूबवेल की मांग की गई है, किन्तु अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# प्रदेश सरकार से गौठानों को पुनः चालू करने की मांग

**बिलासपुर।** कांग्रेस ने प्रदेश में पिछले पौने दो साल में गायब हुए गौवंश के बारे में प्रदेश सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है, साथ ही के वर्ष 2023 के पहले के सभी गौठानों को पुनः चालू करने की मांग उठाई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार के राज में गायों के तस्करी सहित भूख एवं दुर्घटना से गायों के मरने का आरोप भी लगाया है।

इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण के अध्यक्ष विजय पांडेय व विजय केशरवानी ने कांग्रेस भवन में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया।



भाजपा राज में गायों की तस्करी का लगाया आरोप

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय व जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भाजपा गौ रक्षक के नाम पर भक्षक बन गई है। इन दो वर्षो में गौ माताओं की हालत बद से बदतर हो गई है। विष्णुदेव सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की गौठान योजना को बंद करके गाय अभ्यारण्य और गौ धाम का सब्जबाग दिखाया पर जमीन में कोई काम नहीं किया गया। आज 850 गायें सड़क दुर्घटनाओं में मारी जा चुकी हैं, पर अपराधी अभी तक नहीं पकड़े गए। इसी प्रकार भूख में चारा-पानी नहीं मिलने से लगभग 1200 से अधिक गायें मर गई हैं। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि जो भाजपा गाय के नाम पर सत्ता में आई आज उन्हीं के डबल इंजन की सरकार में गौ माता की दुर्दशा भाजपा की कथनी और करनी को बयां करती है। भाजपा ने बीफ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी में टैक्स फ्री रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके अनुषांगिक संगठन केवल दिखावा के लिए जनता की सहानुभूति लेने के लिए गौ माता भक्त बने घूमते हैं जबकि यथार्थ कुछ और है। श्री पांडेय व श्री केशरवानी ने कहा पूर्ववर्ती सरकार की गौठान, गाय और गोबर को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रम फैलाया गया जबकि कांग्रेस की भूपेश सरकार की नरूवा, घुरूवा, गरूवा और बारी ये बदलते ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए कारगर साबित हो रहे थे। उन्होंने भाजपा से मांग की है कि पिछले पौने दो साल में प्रदेश से गायब लगभग 5 लाख गौवंश के बारे में विष्णुदेव सरकार स्पष्टीकरण दें। सरकार 10, 800 गौठानों को पुनः शुरू करें और गौठानों में चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

## चाहे समस्या एक व्यक्ति की ही क्यों न हो यह राज्य की जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक किसान की जमीन में नाली का पानी भरने की समस्या को लेकर दायर अवमानना याचिका को निराकृत कर दिया है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा कि चाहे समस्या एक व्यक्ति की ही क्यों न हो यह राज्य की जिम्मेदारी है कि निकासी व्यवस्था तकनीकी रूप से मजबूत हो ताकि किसी भी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। याचिकाकर्ता संजय कुमार राठौर, ग्राम सोनसरी (जांजगीर-चांपा) ने पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि, नाली का पानी सीधे उसके खेत में भर रहा है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। इस पर कोर्ट ने 8 मई 2025 को आदेश जारी करते हुए कहा था कि, 90 दिन के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए ताकि खेत में पानी न गिरे। सुनवाई के दौरान जनपद पंचायत अकालतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) हिमांशु गुप्ता कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को उप-इंजीनियर द्वारा निरीक्षण किया गया था। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि 600 एमएम डायमीटर की ह्यूम पाइप खेत के नीचे डालने से पानी सीधे नहर में निकाला जा सकेगा और इससे न तो खेती पर असर पड़ेगा और न ही याचिकाकर्ता को नुकसान होगा। कोर्ट ने पाया कि, अधिकारियों ने खेत की सुरक्षा और पानी निकासी के लिए प्रस्ताव तैयार कर दिया है और आदेश का पालन भी कर लिया गया है। कोर्ट ने माना कि चूंकि आदेश का पालन किया जा चुका है और समाधान प्रस्तुत कर दिया गया है, इसलिए अवमानना याचिका को आगे बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने अवमानना याचिका को समाप्त करते हुए निरीक्षण रिपोर्ट और नक्शे को रिकार्ड में लेने का आदेश दिया है।



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि।

# वैश्विक स्तर पर हिंदी को आगे ले जाने के अब कई रास्ते खुले हैं: चौबे

■ **विश्व रंग फाउंडेशन एवं डॉ सीवी रमन विवि छत्तीसगढ़ का संयुक्त आयोजन**

**बिलासपुर।** भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के इन्द्रधनुषी रंगों से सराबोर एशिया के सबसे विराट महोत्सव विश्वरंग के सातवें सोपान का वैश्विक संस्करण हिंद महासागर के समुद्री तटों और सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध सुंदर देश श्रीलंका में पूर्ण भव्यता से आयोजित किया गया। विश्व रंग श्रीलंका–2025 का भव्य शुभारंभ विश्व रंग फाउंडेशन (भारत), डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत, रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल, स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो, श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द सांस्कृतिक केन्द्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो श्रीलंका में समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन अवसर पर भारतीय और श्रीलंकाई साझा संस्कृति के विविध रंगों को समेटे रंगारंग शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विश्व रंग की रंगारंग शोभा यात्रा ने विश्व एकता, सद्भावना और मानवता का पैगाम पूरे विश्व को दिया।

विश्व रंग के स्वप्न दृष्टा संतोष चौबे, निदेशक एवं कुलाधिपति, डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल ने कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी भाषा के रूप में जानी जाती है। पिछले 40 वर्षों से हिंदी के संरक्षण, संवर्धन, और प्रचार प्रसार की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमारा मानना है कि मनुष्य और समाज को रचनात्मक रूप से बदलने की ताकत कला, संस्कृति, साहित्य और भाषा में होती है। विश्व रंग की अवधारणा को रखते हुए कहा कि हिंदी के सामने विकास की असीम संभावनाएँ हैं। हम सभी को इस दिशा में संकल्पित होकर काम करना चाहिए। साथ ही साथ तकनीकी का उपयोग हिंदी के विकास की दिशा में करने की जरूरत है। बोलियों और भाषाओं में जीवन का रस है, इसलिए हमें बोलियों और भाषाओं को भी नहीं भूलना है। भारत की भाषा, संस्कृति, कला और साहित्यिक समृद्धि को लेकर विश्व रंग आप सबके सामने हैं। विशिष्ट अतिथि पवन वर्मा सुप्रसिद्ध लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद ने कहा कि इन सभी देशों की एतिहासिक पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक एकता के मजबूत आधार मौजूद हैं। भाषाई समन्वय भी बड़ा आधार है। हमें इन्हें फिर से एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। यह समय हमारी मातृभाषाओं, बोलियों और क्षेत्रीय भाषाओं को बचाने का समय है। एक भाषा का लुप्त होना पूरी संस्कृति का लुप्त हो जाना होता है। भाषा के साथ ही हमारी लोरियां, गीत, मुहावरे, कहावतें भी लुप्त हो जाती है। महामहिम संतोष झा भारत के उच्चायुक्त ने कहा कि विश्व रंग श्रीलंका 2025 का आयोजन विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो में होना भारत और श्रीलंका की साझा सांस्कृतिक विरासत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हिनिदुमा सुनील सेनावी, मंत्री बुद्धशासन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य, श्रीलंका ने कहा कि हिंदी भाषा और संस्कृति को केंद्र में रखकर कोलंबो में विश्व रंग श्रीलंका–2025 का आयोजन होना हमारे लिए गौरव का विषय है। श्रीलंका सरकार भी हिंदी के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को सहयोग प्रदान करती है। स्वागत उद्बोधन श्री अंकुरण दत्ता, निदेशक, विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, श्रीलंका एवं डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, निदेशक, विश्व रंग फाउंडेशन (भारत) द्वारा दिया गया।


**डायरेक्टर्स कमेंट**

***किशन चंद भोजवानी***



किशन चंद भोजवानी ने बताया कि "व्यवसाय केवल वस्त्र बेचने का नाम नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ रिश्ते बनाने की कला है। यही कारण है कि 'साड़ी संसार' ने परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए हर पीढ़ी के ग्राहकों का दिल जीता है।"1972 में न्यू राम क्लॉथ स्टोर्स के नाम से इस व्यवसाय की शुरुआत की हुई। 400 वर्गफुट के छोटे से दुकान से अपने जीवन का सपना देखा और उसे मेहनत व ईमानदारी से साकार किया। उनका मानना था कि व्यापार केवल मुनाफा नहीं, बल्कि ग्राहकों का विश्वास जीतना है। उनके इसी विचार ने साड़ी संसार को एक मजबूत नींव दी, जिस पर आने वाली पीढ़ियों ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं। आज भी उनकी सीख और मार्गदर्शन परिवार के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

***संजय भोजवानी***



संजय भोजवानी ने अपने दादा और पिता के सपनों को आगे बढ़ाते हुए साड़ी संसार को नई पहचान दी। 2000 से उन्होंने व्यवसाय को संभाला और इसे आधुनिकता की ओर मोड़ा। उनके नेतृत्व में शोरूम का विस्तार हुआ और ग्राहकों के लिए नई रेंज और कलेक्शन लाए गए। संजय का मानना है कि बदलते समय और फैशन ट्रेंड्स को समझना जरूरी है। उन्होंने शोरूम को ग्राहक-केंद्रित बनाया और हर मौके पर ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी।

***राहुल भोजवानी***



राहुल भोजवानी ने अपने भाई संजय के साथ मिलकर साड़ी संसार को नई दिशा दी। 2010 से अब तक वे सक्रिय रूप से व्यवसाय संभाल रहे हैं और नई रणनीतियों से इसे और सशक्त बना रहे हैं। राहुल का विश्वास है कि ग्राहक संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। उनके प्रबंधन कौशल और दूरदर्शिता के कारण शोरूम ने बाजार में एक अलग पहचान बनाई है। वे हमेशा आधुनिक ट्रेंड्स और ग्राहकों की पसंद के मुताबिक कलेक्शन लाने पर ध्यान देते हैं।

***अयान भोजवानी***



चौथी पीढ़ी के रूप में अयान भोजवानी ने साड़ी संसार में नई ऊर्जा और आधुनिक दृष्टिकोण जोड़ा है। वे डिजिटल युग के महत्व को समझते हैं और शोरूम को तकनीक से जोड़ने की दिशा में कार्यरत हैं। अयान का विज़न है कि 3D प्रेजेंटेशन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और आधुनिक सुविधाओं से ग्राहकों को नया अनुभव दिया जाए। वे मानते हैं कि आज की जनरेशन को वही चाहिए जो फैशन, क्वालिटी और किफायत का संगम हो। उनकी सोच से साड़ी संसार भविष्य में और भी बड़े मुकाम हासिल करेगा।

# साड़ी संसार : परंपरा और आधुनिकता का संगम, 1972 से लेकर आज तक का शानदार सफर

**न्यू राम क्लॉथ स्टोर से साड़ी संसार तक का सफर – मेहनत, ईमानदारी और विश्वास से बुना 50 वर्षों का सुनहरा इतिहास**

"हर बड़ा सपना एक छोटे कदम से शुरु होता है, जब मेहनत और ईमानदारी के साथ विश्वास जुड़ता है, तो कोई भी व्यापार केवल दुकान नहीं, बल्कि लोगों के दिलों का हिस्सा बन जाता है। यही कहानी है किशन चंद भोजवानी द्वारा शुरु की गई कपड़ा व्यवसाय की। सन 1972 के दौर में सदर बाज़ार के छोटे से हिस्से (400 वर्गफुट) में न्यू राम क्लॉथ स्टोर के नाम से शुरु की गई यह कपड़ा व्यवसाय उस दौर में सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि मेहनत, ईमानदारी और ग्राहकों के विश्वास का प्रतीक था। बाद में उनके बेटे स्व. घनश्याम दास भोजवानी ने व्यवसाय को आगे बढ़ाया और इसे नई पहचान दी। वर्ष 2000 में न्यू राम क्लॉथ स्टोर को नया रुप देकर साड़ी संसार के नाम से शुरु किया गया। इसके बाद अपने दादा के मार्गदर्शन में संजय भोजवानी ने 2000 में अपनी जिम्मेदारी संभाली। फिर भाई राहुल भोजवानी भी साथ जुड़े और व्यवसाय को और सशक्त किया। 2000 से अब तक यह नाम लगातार प्रगति कर रहा है। आज साड़ी संसार 4000 वर्गफुट के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है और बिलासपुर ही नहीं, आसपास के जिलों से भी ग्राहक यहां खरीदारी करने पहुंचते हैं।

## सभी ब्रांड और आकर्षक डिज़ाइनों की विस्तृत रेंज

हर वर्ग का ग्राहक यहां अपनी पसंद की चीज़ आसानी से पा लेता है। चाहे रोज़मर्रा की साड़ी हो या खास मौकों के लिए भारी ब्राइडल कलेक्शन – सब कुछ एक ही छत के नीचे मिलता है। 200 से लेकर 10,000 तक की साड़ियां, 3,000 से लेकर 30,000 तक के लहंगे, ब्राइडल कलेक्शन, शादी-व्याह के लिए थोक साड़ियां आदि साड़ी संसार में सभी तरह की वैरायटी उपलब्ध है।

### *ग्राहकों का विश्वास*

सपनों को हकीकत में बदलने के लिए संघर्ष, जुनून और निरंतरता सबसे बड़ी पूंजी होती है। इसी सोच ने 'साड़ी संसार' को न केवल बिलासपुर बल्कि आसपास के जिलों में भी विश्वास का पर्याय बनाया है।" 50 वर्षों से अधिक समय से कपड़ो के व्यवसाय के लिए बिलासपुर और आसपास के जिलों की परिवारों का विश्वास जीता है। त्योहारी और शादी के सीज़न में यहां की रौनक देखते ही बनती है। ग्राहकों का मानना है कि उन्हें यहां न केवल आकर्षक कलेक्शन मिलता है बल्कि उचित दाम और भरोसे की गारंटी भी मिलता है।




## व्यवसाय में चौथी पीढ़ी आज अपनी बखूबी भूमिका निभा रहा

व्यवसाय की चौथी पीढ़ी अयान भोजवानी ने भी साड़ी संसार में अपनी भूमिका निभाना शुरू कर दी है। अयान का मानना है कि आज की युवा पीढ़ी को वही चाहिए जो उनकी पसंद और ट्रेंड से मेल खाता हो। इसलिए शोरूम को तकनीक के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3D प्रेजेंटेशन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों को कलेक्शन दिखाने की योजना है, ताकि वे खरीदारी का नया अनुभव ले सकें। कस्टमर सैटिस्फैक्शन ही साड़ी संसार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## 25वीं वर्षगांठ पर विशेष आकर्षक ऑफर

अग्रसेन चौक श्रीराम क्लॉथ मार्केट स्थित साड़ी संसार ने अपनी 25वीं वर्षगांठ पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार योजना शुरू की है। नवरात्रि और दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष ऑफर की घोषणा की गई है। तीन हजार रुपए की खरीदी पर ग्राहकों को कूपन दिया जा रहा है, जिसके माध्यम से वे सोने की अंगूठी, सोने का सिक्का, चांदी की पायल, ट्रॉली बैग और क्रॉकरी सेट जैसे इनाम जीत सकते हैं। साड़ी संसार कि इस योजना को ग्राहकों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है। महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। यह लकी ड्रा दिवाली तक जारी रहेगा और हर दसवें दिन इनाम विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

**साड़ी संसार**
द वूमेन्स वर्ल्ड

**श्री राम न्यू क्लॉथ मार्केट, अग्रसेन चौक, बिलासपुर मो. 9827970707**

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



मां दुर्गा उत्सव समिति सीएमडी चौक



मां चंडी दुर्गा उत्सव समिति



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति अशोकनगर



मां शेरावाली दयालबंद



भगवा दुर्गा उत्सव समिति अमेरी



श्रद्धा दुर्गा उत्सव करबला



मां महामाया दुर्गा



मां दुर्गा शहीद चौक



सिद्धी विनायक दुर्गा उत्सव समिति नेहरू नगर



मां शेरावाली गोड़पारा



एकता दुर्गा उत्सव



शिव शक्ति दुर्गा उत्सव टिकरापारा



युवा दुर्गा उत्सव मन्नू चौक



संकल्प दुर्गा हटरी चौक



भोलेनाथ दुर्गा उत्सव सत्यम चौक



जगत जननी गांधी चौक

# नवमीं पर सिद्धिदात्री के रूप में पूजन, किया हवन

शारदीय नवरात्र का पर्व इस बार 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना कर व्रत, अनुष्ठान किया जा रहा है। नवमीं पर बुधवार को मां दुर्गा के नौवें रूप सिद्धिदात्री के रूप में पूजा कर हवन किया गया। इस रूप में पूजा करने से काम में सिद्धि व सफलता मिलती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन और व्रत पारण के साथ होगा। शारदीय नवरात्र मां दुर्गा की उपासना का महापर्व है। नौ दिनों तक भक्त देवी के नौ स्वरूपों की पूजा कर व्रत रखा।

ज्योतिष और धार्मिक ग्रंथों के अनुसार नवरात्रि का व्रत प्रतिपदा से शुरू होकर नवमीं तिथि की समाप्ति तक रखना श्रेष्ठ माना गया है। व्रत का पारण नवमीं तिथि समाप्त होने के बाद दशमी तिथि को करना उत्तम बताया गया है। 2 अक्टूबर गुरुवार को दशमी तिथि रहेगी। जो लोग पूरे नौ दिन का व्रत रखे हैं, उनके लिए दशमी तिथि को सूर्योदय के बाद पारण करना सबसे शुभ और शास्त्र सम्मत रहेगा।

### हवन कर कराया गया कन्या भोजन, व्रत का आज होगा पारण



हरदेव लाल भगवती मंदिर में नवमीं पर हवन व कन्या पूजन किया गया।

### मां नर्मदा दुर्गाउत्सव समिति में कन्या पूजन व हवन



मां नर्मदा दुर्गाउत्सव समिति मंगला चौक में महानवमी के पर भव्य कन्या पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के पूजा प्रभारी राजकुमार ठाकुर, छन्नू ध्रुव एवं अजय द्विवेदी ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से यहां मां अम्बे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। समिति की ओर से आयोजित इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को विधि-विधान से पूजा कर उनका सम्मान किया गया और भोग-प्रसाद वितरित किया गया।

## पीतांबरा पीठ मंदिर में कन्या पूजन व भंडारा





श्री पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 1 अक्टूबर तक मनाया गया। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर नवरात्रि के नवमी तिथि पर श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन और श्रृंगार नवें स्वरूप सिद्धिदात्री देवी के रूप में किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्रातःकालीन शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन और परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पूजन और श्रृंगार किया जा रहा है। नवमी पर कन्या पूजन एवं भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने बताया कि विजयदशमी के पावन पर्व पर नवरात्र समापन किया जाएगा।विजयादशमी को ही दशहरा भी कहा जाता है, जो बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।

## रामा लाईफ सिटी में गरबा नृत्य



रामा लाईफ दुर्गात्सव समिति और रामा महिला मंडल के सौजन्य से 9 दिवसीय गरबा नृत्य सीनियर सिटीजन गेम्स कपल गेम्स, जेंट्स गेम, बच्चों के संस्कृतिक कार्यक्रम कनक साहू का जगराता, हाऊजी का आयोजन किया जा रहा।



नेहरूनगर में पारंपरिक वेशभूषा में संगीत की धुन पर गरबा किया।

## नवरात्र महोत्सव पर चैतन्य देवियों की झांकी



राजकिशोर नगर एवं टिकरापारा में नवरात्र के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में नवमी के दिन भव्य कार्यक्रम का किया गया। इस अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी, जिसमें शक्ति स्वरूप मातृशक्ति के विभिन्न रूपों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवियों के भक्ति गीत और उनके रूप में विराजित कन्याओं की आरती से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस झांकी का दर्शन कर आत्मिक शांति और शक्ति का अनुभव किया। इस झांकी से उन्हें आध्यात्मिक शक्ति और मातृशक्ति के महत्व का गहन संदेश प्राप्त हुआ। त्रिपुरा के मूलनिवासी डिप्टी कमांडेंट कुसमुंडा क्षेत्र भ्राता मिहिर दत्ता जी ने दुर्गा जी की आरती का प्रथम अवसर मिलने पर ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार एवं हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी एवं राज्य मीडिया समन्वयक आदरणीय मंजू दीदी ने नवरात्र के आध्यात्मिक महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि शक्ति की वास्तविक पूजा तभी है, जब हम अपने भीतर की कमजोरियों और नकारात्मकता रूपी असुरों का नाश कर, पवित्र और सकारात्मक जीवन अपनाएँ।

## जग शाला आश्रम में कन्याओं को कराया भोजन



जग शाला आश्रम में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में सैकड़ों बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोजन प्रसाद वितरित किया गया। भोजन वितरण में श्रीराम बर्तन बैंक, बिलासपुर के निःशुल्क स्टील बर्तनों का उपयोग किया गया। जगशाला आश्रम के प्रमुख संत वासु दास महाराज ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज को नई दिशा देता है। विश्वाधारम संस्था के संस्थापक चंद्रकांत साहू ने श्रीराम बर्तन बैंक की स्थापना और सेवा कार्यों की जानकारी दी और बताया कि संस्था द्वारा "प्लास्टिक मुक्त बिलासपुर" अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वस्थ भविष्य मिल सके।

## महिलाओं ने की अंबे की आराधना



कायस्थ समाज बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ द्वारा शारदीय नवरात्रि में अम्बे मॉ की आराधना ईमलीपारा स्थित चित्रगुप्त मंगल भवन में की गई। कन्या भोजन कराने के साथ ही गरबा किया गया। गरबा कार्यक्रम की निर्णायक किरण श्रीवास्तव रही। प्रतिभागी बच्चों और महिलाओं को बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस, बेस्ट मेकअप, बेस्ट ज्वेलरी, गरबा क्वीन सहित सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसकी आयोजक ज्योति सक्सेना रही।

कार्नर न्यूज

# 72 साल पहले 20 फीट के रावण से हुई थी दशहरे की शुरूआत

आज़ादी के छह साल बाद वर्ष 1953 में बिलासपुर में चुचुहियापारा रेलवे फाटक के पास जब पेट्रोमैक्स की रोशनी में पहली बार रामलीला का मंचन हुआ, तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में नगर की सबसे बड़ी सांस्कृतिक पहचान बन जाएगा। पहली बार 20 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया और लोगों में लोगों में अपार उत्साह देखने को मिला। उस समय सीमित साधनों के बावजूद लोगों ने पूरे मनोयोग से आयोजन किया। इसी आयोजन ने बिलासपुर के दशहरा महोत्सव की नींव रख दी।

### सीमित साधनों के बावजूद लोगों ने पूरे मनोयोग से आयोजन किया और दशहरा महोत्सव की नींव रखी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समय बीतने के साथ यह उत्सव केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक समागम बन गया। यहां रामलीला के साथ-साथ मेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक मेलजोल की परंपरा भी जुड़ गई। 72 वर्षों से लगातार चल रही यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जाती है। हर साल रावण के पुतले के आकार, सजावट और प्रस्तुति में बदलाव आता गया, लेकिन इसके पीछे की भावना वही रही - असत्य पर सत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक।




1953 में पेट्रोमैक्स की रोशनी में पहली बार रामलीला का मंचन

### रामलीला का समापन रावण दहन के साथ

हिन्दुस्तानी सेवा समाज ने इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया। इससे जुड़े देबाशीष घोष सहित अन्य सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला की शुरुआत उत्तर प्रदेश से आए रेलकर्मी मोहनलाल कश्यप, सूर्यकुमार अवस्थी, बिहारी लाल यादव, शौखीराम मौर्य और मुदलियार बाबू जैसे कलाप्रेमियों ने की थी। शुरुआती वर्षों में यह आयोजन छोटा था, लेकिन आम जनता के उत्साह और सहयोग से इसका स्वरूप विस्तृत होता गया। 10 दिनों तक चलने वाली रामलीला का समापन दशहरा पर रावण दहन से होने लगा।

### डीआरएम बनर्जी ने बनवाया था रावण दहन का चबूतरा

शहर में सार्वजनिक रूप से पहला रावण दहन चुचुहियापारा फाटक के पास हुआ, बाद में इसे रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट मैदान में शिफ्ट कर दिया गया। उस समय मैदान खुला और बिना बाउंड्रीवाल का था, लेकिन दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती रही। परंपरा को मजबूत करने के लिए तत्कालीन डीआरएम एम.के. बनर्जी ने यहां रावण दहन के लिए विशेष चबूतरा और लोहे के खंभे बनवाए। इससे आयोजन और भव्य हो गया।

## खबर संक्षेप



### बाइक से शराब की तस्करी करते 2 गिरफ्तार

**लोरमी।** बाइक से अवैध शराब का परिवहन करते 2 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति मोटर सायकल में शराब लेकर परसवारा से विचारपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर 2 व्यक्तियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान ओमप्रकाश शिकारी पिता संतोष शिकारी उम्र 19 साल व संतोष शिकारी पिता केशो शिकारी उम्र 40 साल साकिन शिकारीडेरा के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1 हजार 600 सौ एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 50 हजार को जब्त कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 30 (2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल दाखिल किया गया।

## निधन

### वासंती तिवारी



**बिलासपुर।** नगर की प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती वासंती तिवारी का निधन हो गया। वे नंदकिशोर तिवारी की पत्नी, डॉ तरु तिवारी, अधिवक्ता तृप्ति मिश्रा, तृषा शर्मा की मा एवं अधिवक्ता कमल कांत मिश्रा, सुधीर शर्मा की सास थीं। उनकी अंत्येष्टि सरकंडा मुक्तिधाम में हुई।

### कुंजन गुप्ता



**तखतपुर।** वार्ड 4 संगम नगर निवासी कुंजन गुप्ता का 80 वर्ष की आयु में 29 सितम्बर को निधन हो गया। वे शारदा ट्रेडर्स के संचालक अनिल गुप्ता, अधिवक्ता आलोक गुप्ता की मां थी। इनका अंतिम स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# मां-बेटी पर जानलेवा हमला मामले में सनसनीखेज खुलासा

## मां-बेटी को मारने के लिए दी गई थी 5 लाख की सुपारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

नगर के खइयांपारा वार्ड क्रमांक 5 में 26 सितंबर की सुबह घटित हुई एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। तड़के सुबह दो नकाबपोश हमलावरों ने घर में घुसकर मां-बेटी पर बेरहमी से हमला कर दिया। गौरतलब है कि, 26 सितंबर की सुबह लगभग 5:45 बजे सतरूपा श्रीवास जब रोज की तरह दरवाजा खोलकर बाहर ब्रश करने निकलीं, तभी घात लगाए बैठे दो नकाबपोश युवकों ने उन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से सतरूपा लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। उनकी चीखें सुनकर बेटी बृहस्पति दौड़ी और मां को बचाने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने उस पर भी वार कर दिया। दोनों जमीन पर तड़पती रहीं और हमलावर उन्हें मृत समझकर भाग निकले। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बृहस्पति खतरे से बाहर हैं, लेकिन सतरूपा की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मल्हार चौकी प्रभारी ओंकारधर दिवान ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण, सीसी टीवी फुटेज, गवाहों के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने विवेचना को आगे बढ़ाया। जांच में सामने आया कि, यह हमला कोई अचानक हुई वारदात नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश थी। पूछताछ और परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर संदेही कृष्ण कुमार श्रीवास और विष्णु प्रसाद श्रीवास को हिरासत में लेकर दोनों सो कड़ाई से पूछताछ की गई, तो दोनों ने सनसनीखेज खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि, तनौद निवासी नूतन कर्ष और टेकराम केंवट के साथ मिलकर चार माह पूर्व सतरूपा श्रीवास को जान से मारने की साजिश रची गई थी।

वारदात को अंजाम देने का सौदा 5 लाख रुपए में तय हुआ था, जिसमें से 70 हजार रुपए एडवांस दिए गए थे। आरोपियों ने कबूल किया कि, 25 सितंबर को चारों आरोपी मोटरसाइकिल सीजी 11 एएक्स 7334 से मल्हार पहुंचे एवं 26 सितंबर की सुबह नूतन कर्ष और टेकराम ने मिलकर मां-बेटी पर हमला किया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी नूतन कर्ष, टेकराम केंवट, कृष्ण कुमार श्रीवास और विष्णु प्रसाद श्रीवास को हिरासत में लेकर बयान दर्ज किया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त दो लाठियां, हमले के समय पहने कपड़े और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। मामले में पुलिस ने बीएनएस धारा 109, 115(2), 333, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### कार की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत, आरोपी गिरफ्तार



**सीपत।** बुधवार की सुबह एक परिवार के लिए कभी न भूलने वाला काला दिन बन गया। ग्राम जुहली निवासी 39 वर्षीय फिरितदास महंत रोज की तरह अपनी पल्सर बाइक सीजी 10 ईएल 9538 पर सवार होकर बिलासपुर के एक कोचिंग सेंटर में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी पर जा रहे थे। फिरितदास मटियारी से थोड़ी दूर पहुंचा था कि, इसी दौरान तेज रफ्तार कार सीजी 10 यू 6353 ने बाजू से उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि, फिरितदास ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पर सीपत टीआई टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। साथ ही जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने भी मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि, हादसे के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंपा गया। कार चालक की पहचान लुतरा निवासी मोहम्मद ईरफान पिता स्माइल खान 20 वर्ष के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर की। इस हादसे से फिरितदास का परिवार उजड़ गया। उनका एक 8 साल का मासूम बेटा है, जिसके सिर से पिता का साया उठ चुका है।

## मेढ़पार के ग्रामीणों ने आज कलेक्ट्रेट घेराव का किया ऐलान

**सकरी।** ग्राम मेढ़पार छोटा में प्रस्तावित महाकाल कोल साइडिंग एवं क्रेशर डिपो के खुलने पर आपत्ति जताते हुए ग्रामीणों ने 18 सितंबर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। साथ ही जनभावनाओं के विपरीत कोल साइडिंग खोलने पर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन उग्र आंदोलन सहित आत्मदाह की चेतावनी ग्रामीणों ने दी थी। 19 सितंबर को नायब तहसीलदार सकरी सहोरिक यादव पटवारी और सचिव के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर पंचनामा बनाया था और ग्रामीणों की बात रिपोर्ट के माध्यम से कलेक्टर तक पहुंचाने की बात कही थी। लेकिन ग्रामीणों ने पंचनामा पर भी आपत्ति जताते हुए डिपो के विरोध में प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। 30 सितम्बर को ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार से रिपोर्ट के संबंध में जानकारी मिली कि वे छुट्टी पर थे जिस कारण रिपोर्ट जमा नहीं किया जा सकी। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसी क्रम में बुधवार 1 अक्टूबर को ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर निर्णय लिया, कि 2 अक्टूबर को 11 बजे तहसील कार्यालय सकरी का घेराव करने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय कूच कर वहां आंदोलन किया जाएगा।



### करेंगे चर्चा

नायब तहसीलदार मेढ़पार जाकर ग्रामीणों से चर्चा करेंगे और पंचनामा बनाएंगे।

**नितिन तिवारी**, एसडीएम तखतपुर।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत तालाब परिसर की सफाई

**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा में 'स्वच्छता ही सेवा' एवं 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में वार्ड क्र 13 स्थित कोटसागर तालाब परिसर में श्रमदान देकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अपेक्स स्कूल के छात्र-छात्राएं, स्वच्छता दीदी एवं नगर पंचायत स्टाफ ने पीपीई किट पहनकर श्रमदान किया और नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य नपा अधिकारी राहुल कुमार यादव, अपेक्स स्कूल के डायरेक्टर, स्वच्छता दीदियां, पीआईयू टीम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रमदान के दौरान प्रतिभागियों ने तालाब क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राहुल कुमार यादव ने कहा कि, स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है।



**तखतपुर।** दुर्गा नवमीं पर क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह ने सपत्निक रतनपुर में महामाया का दर्शन पूजन किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।



**बिलासपुर।** नवरात्रि पर्व पर महानवमीं के दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक परसदा स्थित निवास में कन्या भोज का आयोजन किया गया।



**बिल्हा।** रेलवे कॉलोनी सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार 66वें वर्ष दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई। समिति में अध्यक्ष आकाश घरेवाल, मनोज वर्मा गणेश नोनिया, मिक्कू ढोरिया. डब्बू बघेल, रामनिवास, कलेश्वर, मनोज, सागर रॉय,उदय, नरेन्द्र, रोशन एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।



आशीर्वाद दुर्गा उत्सव समिति दरबारी चौक सरगांव वार्ड क्रमांक 12

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर,**
**जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

रा.अपील.क्र.02407280100006/अ-12/RXM/2802/2023-24
पेशी तारीख 14.07.2025

ईश्तहार / नोटिस

रमेश कुमार.....अपीलार्थी विरुद्ध महेश दास वगैरह उत्तरवादीगण

**आवेदनपत्र अंतर्गत धारा 50**
**छ. ग.भू.रा.सं. 1959**

अपीलार्थी रमेश कुमार पिता शिवबालक, निवासी ग्राम लोहारी तहसील मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष उत्तरवादीगण के विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 50 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 प्रस्तुत किया है। अतः उत्तरवादीगण की उपस्थिति हेतु इस न्यायालय में दिनांक 14.10.2025 की सुनवाई हेतु प्रकरण नियत है।

अतः उक्त संबंध में उत्तरवादी महेश दास पिता बाबूदास, ग्राम लोहारी तहसील मरवाही, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) दिनांक 14.10.2025 को माननीय न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के समक्ष दिन के 3:00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने मान्य प्रतिनिधि एवं अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात उपस्थिति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, यदि आप उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण दिनांक 14.10.2025 को अवकाश घोषित होता है तो अगली दिनांक को सुनवाई की जावेगी। समयावधि पश्चात उपस्थिति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/25 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही**

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित हो कि मौजा-सम्बलपुरी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील - सकरी जिला- बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 724/1, शामिल 725/1/क जिसका रकबा 0.6240, हें. भूमि स्थित है। जो राजस्व अभिलेख में रजनीकांत, शशिकांत दोनो पिता श्री रामाधार उर्फ संधारी लाल निवासी- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला- बिलासपुर छ.ग. के नाम पर भूमिस्वामी हक से दर्जशुदा भूमि है। जिनको मेरे आसामी राजेश कुमार कौशिक पिता श्री रामचन्द्र कौशिक जाति-कुर्मी निवासी ग्राम- सम्बलपुरी तहसील-सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भूमि स्वामियों से क्रय किये जाने की पूर्ण बातचीत कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चूका है। तथा उक्त भूमि का पंजीयन यथाशीघ्र क्रेता द्वारा अपने पक्ष में निष्पादन करा लेगा।

यदि उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय संस्थान को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 8 दिवस के भीतर मय दस्तावेज निम्न कार्यालय पर आपत्ति दर्ज कराकर पावती प्राप्त करें। अन्यथा क्रेता के पक्ष में निष्पादित विक्रय पंजीयन के उपरांत की जाने वाली सभी उजर दावा अथवा आपत्ति स्वयमेय शून्य होगी।

सो सूचना जानें
दिनांक 02/10/2025

एम.के. कौशिक - अधिवक्ता
प्रेम नगर, अमसेना, हाईकोर्ट रोड
तहसील-तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.: 9753531794, 8965050169

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा के द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण राय, पिता स्व.श्री प्रेमनारायण राय, सुरेश राय एवं दिलीप राय दोनों पिता स्व.श्री हुकुमचंद राय, साधना जायसवाल पिता स्व. श्री हुकुमचंद राय एवं श्रीमती प्रेमलता राय बेवा स्व. श्री हुकुमचंद राय सभी निवासी बरगांव, जिला जी.पी.एम. के भूमि स्वामी हक एवं आधिपत्य की भूमि एवं निर्मित मकान मौजा मोहल्ला जूनीलाईन शीट नं. 19 प्लाट नं. 25 कुल क्षेत्रफल 1490 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा / माहदा किया गया है एवं इस संबंध में यथाशीघ्र अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान किया जाकर लिखा पढ़ी की जानी है।

मेरे पक्षकारा के द्वारा उपरोक्त सौदा किये गये भूमि एवं निर्मित मकान हेतु अग्रिम राशि का भुगतान कर निकट भविष्य में विक्रेता से पंजीकृत विक्रय पत्र अपने पक्ष में तहरीर कराया जाना है। यदि उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी आम व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय, संस्था, निकाय, वित्तीय संस्था अथवा किसी बैंक को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, उजर अथवा दावा हो तो ऐसे समस्त आपत्ति को इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के मध्य समस्त दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के अवसान के पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा न तो मान्य होगा और न ही मेरे पक्षकारा के उपर बंधनकारी होगा।

कृपया सूचना जानें।

**भवदीय**
**रोहन शुक्ला अधिवक्ता**
**जूनीलाईन बिलासपुर**
**मो.नं. 79998-08559**


दशहरे एवं दीपावली के शुभ अवसर पर शादी के सामान की एडवांस बुकिंग कराएं और सोना चांदी ऑफर का लाभ उठाएं
नोट: प्रत्येक 10,000/- की खरीदी पर एक कूपन स्क्रैच कीजिए और निश्चित सोना एवं चांदी के सिक्के का उपहार लीजिए
शुभ
लाभ

महक इलेक्ट्रानिक्स एण्ड फर्नीचर

मो. 9691914123 बैमा नगोई रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, नजदीक रामा ग्रिन सिटी फेस 2 गेट के पास खमतराई, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9039997659

एक्सचेंज ऑफर: कोई भी पुराना टीवी, फ्रीज, एसी, वाशिंग मशीन, गैस चुल्हा, गीजर, मिक्सर ग्राईन्डर, सोफा, ऑलमारी, प्लास्टिक चेयर, ऑफिस चेयर, सीलिंग पंखा, दिवान, बैड आदि अनेक इलेक्ट्रानिक्स व फर्नीचर समान लाइयें उचित मूल्य कटवाकर नया समान ले जाइयें।

UP TO 40% DISCOUNT

LED TV 32" Rs. 6199/-
LED TV 40" Rs. 10999/-
LED WEB TV 55" Rs. 27999/-
Ac 1.5 Ton Rs. 30499/
Fridge Single Door Rs. 9999/-
Fridge Dual Door Rs. 21999/-
Washing Machine 6.5 Kg Rs. 6999/-
Cooler full Size Rs.3999/-
Geyser 10 Ltr. Rs. 3999/-
Mixer Grinder Militon Rs. 1499/-
Computer Table Rs. 1999/
Gas Stove 3 burner Rs. 1599/-
Dining Table/Glass Top Rs. 10999/-
Dressing Table Full Size Rs.2699/-
Luxury Sofa Rs.27999/
TV Showcase Rs.18499/-
Diwan 6x6 Rs. 9999/-
Diwan 6x4 Rs. 5999/-
Almira Size 78" Rs. 4499/-
Silai Machine Rs. 4299/-

बिलासपुर शहर का एक मात्र सस्ता बाजार महक इलेक्ट्रानिक्स एण्ड फर्नीचर में दशहरे एवं दीपावली के उपलक्ष्य में
मात्र 37999/- में शादी का पूरा सामान, इससे अच्छा-इससे सस्ता कहीं नहीं

सिल्वर पैक (37999/-)
01. फ्रीज 170 लीटर
02. Led TV 24 इंच
03. अलमारी 78 इंच फुल साईज
04. कुलर फुल साइज
05. ड्रेसिंग टेबल
06. सिलाई मशीन
07. पलंग 6x4
08. रूई, गद्दा 6x4
09. तकिया 2 पीस
10. गैस चुल्हा
11. बेड सीट 6x4
2 चांदी के सिक्के फ्री

सिल्वर प्लस पैक (50999/-)
01. फ्रीज 170 लीटर
02. Led TV 24 इंच
03. अलमारी 78 इंच फुल साईज
04. कुलर फुल साइज
05. ड्रेसिंग टेबल
06. वाशिंग मशीन 6.5 किग्रा.
07. पलंग 6x4
08. डनलप गद्दा 6x4
09. तकिया 2 पीस
10. गैस चुल्हा
11. स्टील बर्तन 51 नग
3 चांदी के सिक्के फ्री

गोल्ड पैक (67999/-)
01. दीवान 6x4
02. फ्रीज 180 लीटर
03. सोफा लक्सरी फाइव सीटर
04. Led TV Indroid 32 इंच
05. अलमारी 78 इंच फुल साइज
06. प्लास्टिक कुलर फुल साइज
07. ड्रेसिंग टेबल 6X2
08. सिलाई मशीन
09. गद्दा डनलप 6X4
10. तकिया-2 पीस
11. गैस चुल्हा
12. शादी सामान के लिए पेटा 4X2
13. आयरन,
14. मिक्सर ग्राइंडर 500 वॉट
15. स्टील बर्तन 51 नग
4 चांदी के सिक्के फ्री

गोल्ड प्लस पैक (82999/-)
01. दीवान 6X6
02. फ्रीज 190 लीटर फ्लावर प्रिंट
03. सोफा लकारी फाइव सीटर
04. Led TV Android 40 इंच
05. अलमारी 78 इंच फुल साइज
06. कमर्शियल कुलर
07. ड्रेसिंग टेबल 6X2
08. उषा सिलाई मशीन
09. गद्दा डनलप 6X6
10. तकिया-2 पीस
11. गैस चुल्हा 2 बर्नर
12. आयरन,
13 मिक्सर ग्राइंडर 500 वॉट
14. वाशिंग मशीन 6.5 कि.ग्रा
15. बेड सीट 6X4
16. स्टील बर्तन 51 नग
5 चांदी के सिक्के फ्री

मात्र 10,000/- एडवांस देकर इसी रेट पर बुकिंग करवायें।

डायमंड पैक (97999/-)
01. काउंटर दीवान 6X6
02. फ्रीज 190 लीटर फ्लावर प्रिंट
03. अलमारी अम्बर 78 इंच हैवी
04. Led TV 40 इंच एंड्राइड
05. प्लास्टिक कुलर फूल साइज
06. ड्रेसिंग टेबल 2.5X6
07. सोफा लक्सरी फूल साइज
08. गैस चुल्हा,
09. उषा सिलाई मशीन
10. गद्दा डॉ. आर्थो 4 इंच
11. तकिया 2 पीस,
12. डाइनिंग टेबल फोर सीटर
13. शादी सामान पेटा 4X2
14. स्टील बर्तन सेट 51 नग
6 चांदी के सिक्के फ्री

डायमंड प्लस पैक (111999/-)
01. काउंटर दीवान 6X6
02. फ्रीज 190 लीटर फ्लावर प्रिंट
03. अम्बर ट्रीपल डोर अलमारी
04. Led TV 43 इंच एंड्राइड
05. कमर्शियल कुलर फुल साईज
06. ड्रेसिंग टेबल 2.5X6
07. सोफा लकारी फुल साइज
08. ऑटोमेटिक गैस चुल्हा 3 बर्नर
09. उषा सिलाई मशीन
10. डॉ. आर्थो केयर गद्दा 6X6
11. तकिया 2 पीस
12. सागोन डाइनिंग टेबल फोर सीटर
13. शादी सामान पेटा 4X2
14. स्टील बर्तन सेट 51 नग
15. वाशिंग मशीन 7 कि.ग्रा.
7 चांदी के सिक्के फ्री

प्लैटिनम पैक (1,35,999/-)
01. काउंटर दीवान सागॉन डीजाईन 6X6.25
02. फ्रीज डबल डोर 190 लीटर फ्लोवर प्रिंट
03. सोफा लक्सरी नीलकमल,
04. ट्रिपल डोर अलमारी
05. कमर्शियल कूलर फूल साइज 150 Ltr.
06. ड्रेसिंग टेबल 6X3 फूल साइज
07. उषा सिलाई मशीन
08. स्लीपफ्रेश गद्दा 5 इंच (2 साल वारंटी)
09. Led TV Android 40 इंच
10. स्टील बर्तन सेट 51 नग
11. स्टील हैवी गैस चुल्हा थ्री बर्नर
12. सागोन डाइनिंग टेबल ग्लास टाप सिक्स सीटर लकारी
13. ओरिएंट आयरन
14. वाटर गीजर
15. शादी सामान के लिए हैवी पेटा 4X2
1 ग्राम सोने का सिक्का फ्री

प्लैटिनम प्लस पैक (2,14,999/-)
01. डाइड्रोलिक दीवान 6X6
02. सेमसंग डबल डोर फ्रीज
03. सोफा लक्सरी नीलकमल
04. अम्बर ट्रिपल डोर अलमारी
05. कमर्सियल कूलर फूल साइज
06. ड्रेसिंग टेबल 6X3 फूल साइज
07. उषा सिलाई मशीन
08. केनस्टार मिक्सर ग्राइंडर
09. डॉ. आर्थो केयर गद्दा 6X6
10. एंड्राण्ड Led TV 43"
11. स्टील बर्तन सेट 51 नग
12. स्टील हैवी गैस चुल्हा श्री बर्नर
13. सागोन डाइनिंग टेबल ग्लास टाप सिक्स सीटर लकारी
14. कंपनी वाला एयर कंडीशनर 1.5 टन
15. पोलर कंपनी गीजर, 16. ओरिण्ट आयरन,
17. वाशिंग मशीन 7 कि.ग्रा. टफन ग्लास
18. शादी सामान के लिए हेवी पेटा 4×2
1 ग्राम सोने का सिक्का फ्री

* T&C Apply

सभी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामानों की 40% तक डिस्काउंट के साथ विशाल सेल लगाई गई है। बजाज फाइनेंस के द्वारा 0% ब्याज पर फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है।

आवश्यकता है:- महक इलेक्ट्रॉनिस एंड फर्नीचर शो रूम में सेल्स एवं एकाउण्ट का कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपये तक

## खबर संक्षेप

### सास व साली से मारपीट कर हंसिया से हमला




**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर दमाद ने सास साली से मारपीट कर हंसिया से हमला कर दिया है। पुलिस ने आरोपी दमाद को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, तिफरा इंद्रपुरी निवासी संतोष कुमार धृतलहरे पिता राजेश धृतलहरे 28 साल बुधवार को अपने ससुराल जाकर सास यशोदा मिरी से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उसकी साली कविता बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट कर मां बेटी पर हंसिया से हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 119, 1 के तहत आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार सिक्यूरिटी गार्ड की मौत हो गई है। पुलिस ने कार जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, जुहली निवासी पिरित दास महंत पिता बहोरन महंत 39 साल कोचिंग सेंटर में सिक्यूरिटी गार्ड का काम करते थे। 1 अक्टूबर की सुबह बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएल 5538 से कोचिंग सेंटर ड्यूटी में जा रहे थे। सुबह 8.30 बजे पंधी मनोकामना राइसमिल के पास सामने से आ रहे कार क्रमांकी सीजी 10 यू, 6353 के चालक ने तेज से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर एक बंद ढाबा की ओर घुस गया। हादसे में सिर में गंभीर चोट आने से पिरित दास महंत की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर चालाक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा दर्री निवासी रघुराई सिंह 30 सितंबर को गृहग्राम गोढ़ीकला गए थे। काम निपटाने के बाद शाम को बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएच, 3476 से दर्री लौट रहे थे। रात 9.30 बजे नेशनल हाइवे रानीगांव मोड़ के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजी, 4316 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रघुराई सिंह की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने राजू राजपूत की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अशांति फैलाने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में अशांति फैलाने वाले 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट स्टाफ के साथ नवरात्रि व दशहरा को देखते हुए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी दौरान गणेश नगर, नयापारा क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर अशांति फैलाने की कोशिश की गई। पुलिस के द्वारा समझाइश देने के बाद भी बाज नहीं आने पर सुमीत खरे अन्नपूर्णा कालोनी, प्रवीण भारती गणेशनगर, मनीष कामती गणेशनगर, चंदन वासनिक तालापारा, दीपक सोनवानी बजरंग चौक सिरगिट्टी, राहुल सूर्यवंशी बजरंग चौक, शिवकुमार सूर्यवंशी बजरंग चौक को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## वाहनों की कतार...



नवरात्रि पर देवी दुर्गा की झांकियों का दर्शन करने वालों का रेला उमड़ रहा है। साथ ही सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। शहर की अधिकांश सड़कों पर सुबह से देर रात तक ट्रैफिक जाम हो रहा है।

## विदेश यात्रा व रोजाना मुनाफे का दिखाया सपना

# सैकड़ों लोगों से 'यो एक्सचेंज' ने की करोड़ों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विदेश यात्रा व रोजाना मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर क्रिप्टो प्लेटफार्म की यो एक्सचेंज कंपनी ने सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर ली है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

बुधवार को पीड़ित निवेशक मनीराम पटेल ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को बताया कि एक कथित क्रिप्टो प्लेटफार्म की यो एक्सचेंज ने सैकड़ों लोगों को विदेश यात्रा, डिजीटल मुद्रा में 1 प्रतिशत मुनाफा व निवेश वापसी का झूठा आश्वासन देकर ठगी की है। कंपनी के सभी प्रमोटर फरार हैं और वेबसाइट बंद कर दी गई है। श्री पटेल ने बताया कि इसकी शुरूआत सोशल मीडिया से हुई। कोलकाता के एक युवक तापन के माध्यम से रांची के शुभ सिंह से उनका संपर्क हुआ। उसने यो एक्सचेंज नामक क्रिप्टो प्रोजेक्ट की जानकारी दी। वह पूरी तरह से डिसेंट्रलाइज्ड और विश्वसनीय बताया गया। शुभम से हुई बातचीत के बाद श्री पटेल, रवि साहू, अक्षय टेकाम रांची गए।

जहां उनकी मुलाकात शुभ सिंह, आकाश बर्मन से हुई, उन्हें बताया गया कि यो एक्सचेंज एक क्रिप्टो एक्सचेंज है और इसका आडिट विश्वविख्यात ब्लॉकचेन आडिटर कंपनी हैकन ने किया है, जो बायनेंस जैसी बड़ी कंपनियों का भी आडिट कर चुकी है। निवेशकों को यूएसडीटी डिजीटल करेंसी में निवेश कर प्रतिदिन 1 प्रतिशत का लाभ मिलने, साथ ही 1500 डालर के निवेश पर मलेशिया यात्रा का मौका देने की बात कही गई। इससे प्रभावित होकर बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, भिलाई, चंड़ीगढ़ के सैकड़ों लोग योजना में शामिल हो चुके हैं।



प्रेस क्लब में वारदात की जानकारी देते पीड़ित।

### मलेशिया में आयोजित किया कार्यक्रम

ठगों ने जूम मीटिंग्स, विभिन्न शहरों में प्रोजेक्ट मीटिंग और भरोसेमंद महौल बनाकर लोगों का विश्वास जीता। 1 अगस्त को मलेशिया में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 1100 लोग शामिल हुए। वहां नए आफर के तहत दुबई और थाईलैंड यात्रा की बात भी सामने रखी गई। इससे निवेशकों की संख्या और बढ़ गई, किन्तु कुछ ही हफ्तों बाद अचानक कंपनी ने सॉफ्टवेयर हैक होने और तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए लाभ देना बंद कर दिया। सभी प्रमोटरों ने मोबाइल बंद कर दिया। पुलिस ने मनीराम पटेल की रिपोर्ट पर रांची निवासी जफर इमाम, गंगाधर कुमार, दिलेश्वर मुंडा, शादाब अंसारी, आकास कुमार, शुभ सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने हड़प लिया विधवाओं का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क हादसे में दो बेटों की मौत के बाद एक महिला व बहुओं को मिले बीमा क्लेम के 21 लाख समाज के तत्कालीन प्रदेश उपाध्याक्ष ने हड़प लिया। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बालोद जिले के ग्राम कुमुरकट्टा निवासी उर्मिला बाई सेन 50 साल ने रिपोर्ट लिखाई। जनवरी 2024 में उनके दो बेटे भुवनेश्वर सेन, पिंकूराम सेन बहन के घर राजनांदगांव जा रहे थे। रास्ते में ट्रक की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद समाज के तत्कालीन प्रदेश उपाध्याक्ष अंबिकापुर शक्तिपारा निवासी अविनाश ठाकुर ने महिला और उसकी बहुओं को बीमा क्लेम की रकम दिलाने का भरोसा दिया।

- जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस

महिला ने आरोप लगाया कि अविनाश ठाकुर ने उन्हें बिलासपुर कोर्ट में मामला लगाने के लिए राजी किया। कोर्ट के आदेश पर बड़ी बहू सुनीता सेन के 20 लाख, छोटी बहू दिलेश्वरी सेन को 19 लाख रुपए का बीमा कलेम स्वीकृत हुआ। इस दौरान अविनाश ठाकुर ने दोनों को बिलासपुर बुलाकर पंजाब नेशनल बैंक में खाते खुलवाया। महिला और उनकी बहुओं से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। लेकिन पूरी राशि आरोपी ने अपने पास रख ली। परिवार को महज 70 हजार रुपए थमा कर शेष 21 लाख रुपए बैंक में जमा कराने का झांसा देकर रख लिया। महिला उसकी बहूओं ने बार बार रकम लौटाने की मांग की तो उसने साफ इनकार कर दिया। समाज के बैठक में अविनाश ठाकुर ने अपनी गलती मानी और रकम लौटाने का आश्वासन दिया। बाद में वह अपने वादे से पलट गया और दबाव बनाने पर आत्महत्या की धमकी देने लगा। पुलिस ने उर्मिला बाई की रिपोर्ट पर अविनाश ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महामाया देवी का दर्शन करने लोहे का चूड़ा और पंच लेकर पहुंच गए



**बिलासपुर।** महामाया मंदिर में चाकूबाजी के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रतनपुर मां महामाया देवी का दर्शन करने आने वालों की जांच शुरू की, इस दौरान 1 हजार से अधिक लोहे के चूड़े व लोहे का पंच जब्त किए गए हैं। दो दिन पहले रात में मां महादेवी मंदिर के ज्योति कलश रूम में बिजली लगा रहे दो कर्मचारियों के साथ युवकों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। इसके अलावा बाहर में भी तीन युवकों पर चाकू से हमला किया गया था।

- 1 हजार से अधिक चूड़े पंच जब्त
- चाकूबाजी के बाद सक्रिय हुई पुलिस

चाकूबाजी के बाद मंदिर की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय हो गए और मंदिर में दर्शन करने आने वालों की जांच शुरू की गई। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने आने वालों से 1000 से अधिक कड़ा व लोहे का पंच जब्त किया गया है। टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया, सुरक्षा की दृष्टि से लोगों की जांच कर 1000 से अधिक चूड़ा व लोहे का पंच जब्त किया गया है। चूड़ा व लोहे के पंच का मारपीट के दौरान हथियार के रूप में उपयोग किया जाता है।

# पत्नी की मेढ़ व पति की फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी

**महिला की गला दबाकर की गई हत्या**

**22 दिन पहले दोनों के बीच हुआ था विवाद**



खेत की मेढ़ पर पड़ी महिला की लाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मां महामाया देवी के दर्शन के बाद खेत की रखवाली करने गई महिला की मेढ़ पर लाश मिली, वहीं उसके पति की पेड़ पर फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला की गला दबाकर करने की पुष्टि की गई है। बताया जाता है कि 22 दिन पहले पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया, जोगी अमराई निवासी अमित कुमार इंदुआ पिता संतोष कुमार इंदुआ 29 साल ने अंजू इंदुआ से प्रेम विवाह किया था और उनके दो बच्चे हैं। मंगलवार की रात दोनों मां महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर में भोजन किया और घर लौट गए। उसके बाद पति पत्नी रखवाली करने के लिए खेत चले गए। बुधवार की सुबह उनके बगल के खेत वाले ने खेत की मेढ़ पर अंजू इंदुआ व पेड़ पर अमित कुमार की फांसी पर लटकी लाश देखकर गांव के लोगों की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। डाक्टरों के द्वारा महिला की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि की गई है। इधर जांच में पता चला 22 दिन पूर्व में पति पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ था। इसके पूर्व भी उनके बीच विवाद होते रहता था। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बारिश के बाद भी कम नहीं हो रही गर्मी

**बिलासपुर।** पिछले कुछ दिनों से तेज धूप निकलने और आसमान पर बादल छाए रहने से गर्मी बढ़ती जा रही है, उमस भी हलाकान कर रही है। बारिश होने के बाद भी गर्मी कम नहीं हो रही है। शहर का अधिकतम तापमान फिर 30.4 डिग्री पहुंच गया है। सितंबर की शुरुआत में हुई बारिश से गर्मी, उमस से राहत मिल गई थी, परन्तु बारिश बंद होने के बाद स्थिति जस की तस हो गई। तापमान बढ़ने से लोगों के घरों के एसी और कूलर चालू हो गए। उम्मीद की जा रही थी कि अक्टूबर आते आते स्थिति बदल जाएगी, लेकिन अब भी गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। दिन में तेज धूप निकल रही है, वहीं आसमान पर बादल भी छा रहे हैं। बुधवार की दोपहर गरज चमक के साथ शहर के कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई, परन्तु उससे उमस और अधिक बढ़ गई। लगातार बंद होने वाली बिजली लोगों की समस्या और अधिक बढ़ा रही है। बुधवार को भी शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली की आंखमिचौली का खेल चलता रहा। मौसम के उतार चढ़ाव के कारण पिछले कुछ दिनों से वायरल फीवर का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। घरों घर लोगों के बीमार होने से सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की कतार देखी जा रही है।

# केरल भाजपा प्रवक्ता पर एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचे कांग्रेसी




एफआईआर दर्ज कराने सिविल लाइन थाना पहुंचे कांग्रेस नेता।

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण के पदाधिकारी केरल के भाजपा प्रवक्ता पिन्टू महादेवन द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सीने में गोली मारने की धमकी देने के विरोध में एफआईआर दर्ज कराने शिकायत लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचे।

- राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी का मामला

जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि 26 सितंबर को केरल के भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन ने एक टीवी चैनल की डिबेट में भाजपा के अधिकृत प्रवक्ता के रूप में बैठा था, जिसने आनलान डिबेट में राहुल गांधी के सीने पर गोली मारने की धमकी दी। यह बयान भाजपा का माना जाएगा, क्योंकि अभी तक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन या केरल के प्रदेश संगठन ने इस बयान पर कोई संज्ञान नहीं लिया है और न ही पिंटू महादेवन पर संगठनात्मक कोई कार्रवाई की गई है। केन्द्र सरकार उनकी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें और ऐसे नेता पर अशोभनीय टिप्पणी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, विधायक दिलीप लहरिया समेत पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष नरेन्द्र बोलर, राकेश शर्मा, विशंभर गुलहरे, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, शेरू असलम, राजू यादव, सुभाष ठाकुर, अनिल पांडेय, खालिद मेमन, रमजान गौरी, राज बंजारे, बिन्दु जायसी, जहूर अली, राजू सूर्यवंशी, शेख निजामुद्दीन, हरमेंद्र शुक्ला आदि शामिल थे।


टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सैंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

### सिम्स के सामने फिर लगाने लगा जाम

**बिलासपुर।** सिम्स की बाउंड्री से लगे जगहों पर एक बार फिर एम्बुलेंस, गुमटिया और ठेले लगने लगे है। इससे सड़क पर जबरदस्त जाम लगने लगा है।

# नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को सजा दिलाने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने नशे के कारोबार से जुड़े आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया है।

बुधवार को सिविल लाइन थाने में एसएसपी रजनेश सिंह ने नशे के कारोबार से जुड़े आरोपी अजीत साहू कोतमा, घनश्याम साहू कोतमा, जोगनी कुर्रे जरहाभाठा मिनीबस्ती, अक्षय कुर्रे जरहाभाठा मिनीबस्ती, मनीषा टण्डन जरहाभाठा मिनीबस्ती, प्रमोद ध्रुव मगरपारा, छोटू उर्फ अख्तर बाम्बे आवास बंधवापारा, मोहम्मद जाहिद तालापारा अजय वर्मा सीपत, मुकेश साहू कोटा निवासी को कोर्ट से सजा दिलवाने वाले व प्रकरणों में उत्कृष्ट विवेचना एवं सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एसआई अमृत साहू, अवधेश सिंह, एएसआई चंद्रकांत डहरिया, राजेशधर दीवान, आरक्षक मनोज साहू, बृजनंदन साहू को प्रशस्त्री पत्र एवं मोमंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने विवेचकों की सर्विस बुक में अंकित करने का आदेश दिया है।




एसएसपी के साथ अधिकारी व पुलिसकर्मी।

### अच्छे कार्य करने वाले थाना प्रभारी सहित 6 पुरस्कृत

**बिलासपुर।** एसएसपी ने बिल्हा थाने का निरीक्षण कर अच्छे कार्य करने पर थाना प्रभारी सहित 6 पुलिसकर्मियों को नकद ईनाम से पुरस्कृत किया है। बुधवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने बिल्हा थाने का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होंने थाने रिकार्ड दुरूस्त करने के साथ रख रखाव पर जोर दिया। स्टाफ का मनोबल बढ़ाकर उन्होंने क्षेत्र के सूचनातंत्र मजबूत कर अपराध रोकने प्रेरित कर बेसिक पुलिसिंग पर काम करने निर्देशित किया। अच्छे कार्य करने पर थाना प्रभारी उमेश साहू, प्रधान आरक्षक रूपेश तिग्गा, आरक्षक सुरेन्द्र पटेल, राजेश यादव, अर्जून जांगड़े, संतोष मरकाम को नकद ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

**खबर संक्षेप**

## ज्योत ज्वारा का विसर्जन, दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**लोरमी।** नवरात्रि की नवमी को छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार नगर के कंकालिन मंदिर की ज्वारा का विसर्जन किया गया। वहीं देर शाम महामाया मंदिर की ज्वारा विसर्जित हुई। मंदिर के पुजारी पंडित विजय तिवारी ने बताया कि, भक्त मनोकामना के रूप ज्योत ज्वारा प्रज्वलित कराते हैं, वहीं साथ जसगीत के साथ महिलाएं ज्वारा को सिर पर रखकर मंदिर परिसर से निकलती हैं एवं नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मानियारी नदी के खर्राघाट में विसर्जन कर वापस मंदिर पहुंचती है। मान्यता के अनुसार शारीरिक पीड़ा से ग्रसित श्रद्धालु देवी ज्वारा यात्रा के सामने लेटकर उपर से यात्रा पार करवाते हैं। सुबह मां कंकालिन मंदिर की ज्वारा विसर्जित होती है, तो सन्ध्याकाल नगर अधिस्ठात्री देवी महामाया मंदिर से ज्योत ज्वारा विसर्जन को निकलती है।

## जगत जननी मां भगवती की महिमा से गूंजा दुर्गा मंदिर



**पेंड्रा।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्गा मंदिर में जगत जननी मां भगवती की आराधना भव्यता एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठानों की मंगलमयी श्रृंखला में भक्तों ने मां के चरणों में आस्था अर्पित की और पूरा मंदिर भक्तिमय हो उठा। इस दौरान महिला मंडल ने श्रीरामचरितमानस का नित्य पारायण किया। हवन एवं कन्या पूजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जीपीएम एसपी एसआर भगत ने भी मां भगवती की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## बोड़तरा कला में अखंड नवधा रामायण

**लोरमी।** ग्राम बोड़तरा कला में नवरात्रि के अवसर पर अखंड नवधा रामायण का आयोजन हुआ एवं लोगों ने रामायण गायन प्रवचन का लाभ उठाया। प्रवचन कर्ता पुष्पा साहू ने इतिहास में नारी की पराक्रम व वीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि, हम सभी मां की संतान हैं, इसलिए माता-पिता की सेवा करना चाहिए। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि, भाइयों में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जैसे रहना चाहिए, तभी हमारा जीवन सुखमय होगा।



## 100 वृद्धजनों को किया गया सम्मानित



**तखतपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जनपद पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संबंध में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, व्यक्ति अपने जीवन में जो भी हासिल करता है वह अपने वरिष्ठ और बुजूर्ग के आशीर्वाद और कृपा से ही संभव होता है। इनके कुशल अनुभव, लालन-पालन और पोषण से ही व्यक्ति को समाज में एक उचित मुकाम और स्थान हासिल हो पाता है। उनके बताए मार्गो पर ही व्यक्ति आगे बढ़ता है, और सफलता की एक नई सीढ़ियां चढ़ता है। सम्मान कार्यक्रम में 100 वरिष्ठजनों को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनहरण कौशिक, रिभष कश्यप, सीमा श्रीवास, राजकुमार सिंगरौल, जया साहू, बोनू ठाकुर, पेखन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सीएमओ की देखरेख में सुबह 5 बजे हो रही नगर में सफाई



**मल्हार।** स्वच्छ मल्हार की परिकल्पना को लेकर निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए सीएमओ मनीष सिंह व उनकी टीम स्वच्छता कर्मियों व कमांडो के साथ सुबह 5 बजे से नगर में सफाई का काम शुरू कर देते हैं। हालांकि सफाईकर्मियों की कमी के कारण नगर के प्रत्येक वार्ड की पूरी सफाई नहीं हो पाती है, फिर भी संसाधन के अभाव के बीच सभी सफाई में जुटे रहते हैं। नवरात्र से पहले भी नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में मंदिर आसपास व सार्वजनिक स्थलों की सफाई निरंतर की गई। अब दशहरे व शोभायात्रा को लेकर भी मेला चौक, मंदिर तथा मुख्य सड़क की प्रतिदिन सफाई हो रही है। सीएमओ का कहना है कि, उनकी शुरू से ही पहली प्राथमिकता नगर की सम्पूर्ण सफाई रही है, लेकिन संसाधन के अभाव में प्रत्येक वार्ड की सम्पूर्ण सफाई संभव नहीं है। फिर भी जितना हो सकता है स्वच्छता कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो व कर्मचारी मिलकर सफाई का करते हैं। साथ ही नगर में अब डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी फिर से शुरू हो गया है, जो कुछ महीनों से ई-रिक्शा के खराब होने की वजह से लगभग बंद था।

# विजयादशमी की अनोखी परंपराएं, कहीं मिट्टी के पुतले का वध, तो कहीं होती है रावण की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में दशहरा उत्सव अलग-अलग परंपरा अनुसार मनाया जाता है। कहीं रावण का दहन नहीं करने का रिवाज है, तो कहीं मिट्टी से निर्मित रावण के पुतले को लाठियों से पीट-पीट कर वध करने का रिवाज है। जिला मुख्यालय से महज दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कंतेली में 16वीं सदी से चली आ रही है एक अनोखी परंपरा है। यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा गांव है, जहां दशहरा पर मेला तो लगता है, लेकिन रावण का दहन नहीं होता है।

मेले में आस-पास के करीब 44 गांव के लोग शामिल होते हैं। यहां के राजा के महल से राजा की सवारी निकलती है, जिसमें लोग शामिल होकर नाचते-गाते कुल देवी के मंदिर तक पहुंचते हैं। राजा कुल देवी मां महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली की पूजा कर पूरे क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हैं। बताया जाता है कि, जिस प्रकार केरल में मान्यता है कि, दशहरे के दिन राजा बली अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए पाताल लोक से बाहर आते हैं, और प्रजा उन्हें सोनपत्ती देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करती है। कुछ ऐसी ही परंपरा जिले के कंतेली गांव में है, जो



कंतेली स्थित कुल देवी मंदिर, मिट्टी का रावण।

दशकों से चली आ रही है। इतना ही नहीं, इसके बाद राजमहल में एक सभा का आयोजन किया जाता हैं, जहां ग्रामीण राजा को सोनपत्ती भेंट कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। बताया जाता है कि, कंतेली जमींदारी के प्रथम पुत्र गजराज सिंह ने मंदिर का निर्माण कराया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व सन 1944 में राजा पोखराज सिंह द्वितीय की मृत्यु के बाद तत्कालीन राजमाता पिनाक कुमारी देवी ने स्वतंत्रता के बाद यशवंत कुमार सिंह को दत्तक पुत्र बनाया गया था। तब से मंदिर के देख रेख एवं इनके द्वारा ही की जा रही है। वहीं नगर से लगे ग्राम पेंडाराकापा में एक अनूठी परंपरा है। यहां मिट्टी से रावण का पुतला बनाया जाता है एवं उसे लाठी से मार-मार कर तोड़ कर रावण का अंत किया जाता है। इस परंपरा को पेंडाराकापा के ग्रामवासी उत्साह के साथ मनाते हैं। क्षेत्र के मालगुजार गोवर्धन परिवार की ओर से विजय दशमी पर्व के अवसर पर मिट्टी से निर्मित के रावण के पुतला तैयार कराया जाता है। ग्राम पेंडाराकापा से श्रीकांत गोवर्धन के नेतृत्व में ग्रामवासी गाजे-बाजे के साथ दशहरा मैदान में पहुंच कर रावण के पुतले की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद लाठी से पुतले को तोड़ा जाता है। मान्यता के अनुसार वध के बाद अहिरावण की मिट्टी को अपने घर ले जाने के लिए लोग टूट पड़ते हैं, इसे समृद्धि के लिए शुभ माना जाता है।

### डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे शामिल

# 60 फीट ऊंचे रावण पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

दशहरा उत्सव समिति की ओर से बीआरसाव स्कूल मैदान में विजयादशमी के अवसर पर 60 फीट ऊंचे रावण का दहन उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में शाम 6 बजे किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि दशहरा उत्सव समिति की ओर से लगभग 35 वर्षों से रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भगवान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी तैयार कर रावण का दहन किया जाता है।

इस वर्ष आगर स्कूल दाऊपारा से गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ झांकी निकलेगी एवं नगर के मुख्य मार्गों से होकर वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम बीआर साव स्कूल मैदान पहुंचेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व दशहरा उत्सव समिति के सदस्य श्रीराम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा के बाद श्रीराम-लक्ष्मण द्वारा रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद का वध किया जाएगा।



रावण तैयार करते कारीगर

मिट्टी के रावण का लाठियों से पीट-पीट कर वध- मुंगेली की अनोखी खासियत है कि, गोवर्धन परिवार की परंपरा के अनुरूप मिट्टी के रावण का वध गोवर्धन परिवार के साथ आई यादवों एवं अन्य नागरिकों की टोली द्वारा लाठियों से पीट पीटकर किया जाता है। उपस्थित लोग मिट्टी के रावण की मिट्टी लेने के लिए जुटे रहते हैं। इस संबंध में मान्यता है कि, जो व्यक्ति मिट्टी के रावण का अंश मात्र मिट्टी अपने घर की तिजोरी में रखता है, उसकी बरकत होती है।

### दशहरा उत्सव में शामिल होंगे विधायक धर्मजीत

**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रीय समाज की ओर से दशहरा उत्सव का आयोजन आज शाम 7 बजे से श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक भवन प्रांणग में किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थि रहेंगे एवं अध्यक्षता दारा सिंह सहित करेंगे। इस अवसर पर अन्य कई अन्य जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रहेगी। उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी नारायण गोरे सिंह ठाकुर ने दी। साथ ही गुप्ता समाज की ओर से दशहरा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे से जनकपुर रावण भाठा में किया गया है।



जवारा विसर्जन के लिए जाती महिलायें।

## ज्योति कलश जवारा विसर्जन के लिए उमड़ी भीड़

**मुंगेली।** नवरात्र में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया जाता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजन जसगीत की थाप पर झूमते गाते जंवारा विसर्जन करते रहे।

शहर समेत अंचल में नवरात्र महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों में बुधवार को सुबह से लेकर रात्रि तक ज्योति जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर में रात्रि 12 बजे मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकले, जिसे आगर नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, दाऊपारा स्थित महामाया मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस दौरान जसगीतों के बीच नदी में ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव-गांव में जंवारा विसर्जन का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला।

## सिद्धिदात्री के रूप हुई में माता की पूजा




**मल्हार।** नवरात्र के दुर्गानवमी तिथि पर मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में सिद्धिदात्री के रूप में माता की पूजा हुई। सुबह मंगल आरती के पूर्व माता जी दिव्य श्रृंगार किया गया। संध्या आरती भव्य रूप से हुई, जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए। नवरात्र अनुष्ठान के आचार्य पण्डित नरेश पांडेय ने बताया कि, नवमी तिथि को गायत्री सहस्त्रनाम, सहस्त्रार्चन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भागवत भगवान की आरती के साथ आशीर्वाद देकर विसर्जन किया गया। नवरात्र पर्व के अंतिम दिन भी हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार पहुचकर पूजन किया व मनवांछित फल की कामना की। गर्भगृह के विशेष सेवक कृष्ण कुमार कैवर्त ने बताया कि, पूरे नौ दिनों तक अलग-अलग रूप के अनुसार माता जी का श्रृंगार किया गया, जिसे देखने में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## विशाल भंडारे में देर रात तक बांटा गया प्रसाद



**तखतपुर।** जय माता दी दुर्गोत्सव समिति पीपल चौक धुरी मोहल्ला तखतपुर की ओर से लगातार तीन वर्षों से विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को माता की पूजा-आरती के बाद भंडारा प्रारंभ किया गया। देर रात्रि तक श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों में अनिल धुरी, अशोक धुरी, हरिश धुरी, किरण धुरी, नरेन्द्र धुरी, सुनिल धुरी, प्रेम धुरी, प्रताप धुरी, गोल्डी धुरी, रामप्रसाद धुरी, मोहन धुरी, दुर्गोश, पवन, देव, दीपक, मानस, कान्हा, त्रिलोक, बलराम, पिन्टू, निखिल, चमन देवांगन, पतंग धुरी, अरूण, सोनू, राकेश धुरी व मुकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शोभा यात्रा के साथ किया गया ज्योत-जवारा विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

आदि शक्ति महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि के समापन पर भक्ति-शक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच जोत-जवारा का विसर्जन जसगीत सेवा मंडली की अगुवाई में हर्षोल्लास के साथ किया गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति महामाया देवी की पूजा-अर्चना, व्रत और कीर्तन के माध्यम से आस्था प्रकट की। मंदिर परिसर से ज्योत जवारा शोभायात्रा निकाली गई एवं राधाकृष्ण मंदिर तालाब में विसर्जन किया गया। जगह-जगह पर शोभा यात्रा की पूजा-अर्चना की गई। हरी कीर्तन सेवा मंडली की जसगीत से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मंदिर पुजारी पं ओमप्रकाश तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी में उपस्थित रहे।

## छात्र संघ ने आयोजित किया गरबा कार्यक्रम

**तखतपुर।** छात्र संघ के आयुष सिंह ठाकुर सहित अन्य युवाओं की ओर से नगर में गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में मातृशक्तियां उपस्थिति रहीं। महिलाओं, बच्चों और युवाओं में आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष ललिता कश्यप,नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जिपं सभापति भारती माली, जिपं अंबिका साहू, शिप्रा सामुएल भाजपा नेत्री, संतोष कश्यप पूर्व मंडल अध्यक्ष, अनिल सिंह राजा व्यापारी संघ अध्यक्ष, दिलीप तोलनी, राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री प्रमोद



ठाकुर, मंडल महामंत्री प्रीतम कश्यप, भाजपा जिला मंत्री तिलक देवांगन, मंत्री सरजू यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष मालती यादव, श्यामारमनंदी, ऊषा ठाकुर, संगीता तिवारी कोमल ठाकुर पार्षद, अंकित अग्रवाल पार्षद, लता ठाकुर, अनुपम पांडे पार्षद, पूजा गुप्ता पार्षद, लवली हूरा पार्षद, विमला जांगड़े, जसप्रीत रमन हुरा पार्षद, विनोद क्षत्रिय, राजा क्षत्रिय, निरंजन क्षत्रिय, कमला ठाकुर, राकेश तिवारी, सोहन कश्यप, सूर्या कश्यप, पुष्पराज ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल ठाकुर, अक्षय देवांगन व आभार प्रदर्शन आयुष सिंह ठाकुर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने किया।

## अल्प प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे रामभद्राचार्य, भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज बुधवार को अल्प प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे। कोरबा में कथा कार्यक्रम समाप्त कर चित्रकूट धाम लौटते हुए महाराज जी ने कोटमी में शिष्यों से मुलाकात की और फिर पेंड्रा पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में बाजे-गाजे के साथ स्वागत करने उमड़ पड़े। यह प्रवास इसलिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज की उपस्थिति में पेंड्रा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 25 से 31 अक्टूबर तक होने जा रहा है। भगवान श्रीराम के परम भक्त रामभद्राचार्य महाराज का यह आगमन क्षेत्रवासियों के लिए आशीर्वाद का क्षण साबित हुआ।

### दुर्गा नवमी पर आगमन से पेंड्रा धन्य

दुर्गा नवमी के शुभ अवसर पर रामभद्राचार्य के पावन आगमन से पेंड्रा नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर में प्रवेश करते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और श्रीराम जयकारों व पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य ने अपने कहा कि, दुर्गा नवमी जैसे शुभ दिन पर ऐसे महापुरुष के चरण कमल नगर में पड़ना हम सभी के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर प्रकाश साहू वीएचपी जिला मंत्री, सरोज सिंह पवार, बृजेश सोनी, निखिल परिहार, प्रिया त्रिवेदी, आकांक्षा साहू, कशिश साहू, विभा तिवारी, अनीता माझी, रश्मि परिहार, दिशा मानिकपुरी, मंजू गौतम, आंचल सिंह, रामेश्वरी धुर्वे, नवीन विश्वकर्मा, शिवम साहू, भूपेंद्र चौधरी, देवांश तिवारी, शुभम गुप्ता, विमल मिश्रा सहित नगर के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 5वीं एबेकस प्रतियोगिता में पिनेकल मुंगेली ने दिखाया दम

**मुंगेली।** पिनेकल इंस्टिट्यूट की ओर से 28 सितम्बर को 5वीं एबेकस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मुंगेली, राजनांदगांव सहित रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, दल्लीराजहरा एवं बालोद से 300 प्रतिभागी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्निका शर्मा मौजूद रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरुचि सिंह सीइओ जिला पंचायत उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में प्रदेश भर। पिनेकल संस्थान मुंगेली की संचालिका माधुरी सोनी के नेतृत्व में 38 प्रतिभागियों ने विभिन्न सीनियर, जूनियर प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें से 11 प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता




लेवल 1 प्रखर सोनी आशीष सोनी रामगढ़ प्रथम, गीतांश पारख श्रेणिक पारख द्वितीय, रितिषा अग्रवाल रितेश अग्रवाल तृतीय, लेवल 2 जूनियर महावीर कमल किशोर सोनी द्वितीय, लेवल 2 आयांश मानिकपुरी, गिरधरदास मानिकपुरी प्रथम, आवर्णी गुप्ता, रत्नेश गुप्ता द्वितीय, लेवल 2 आसिफा खान असलम खान प्रथम रनअप, आलिया खान, असलम खान द्वितीय, स्वर्णा शर्मा महेन्द्र शर्मा तृतीय, लेवल 2 जूनियर विंग सिनियर विंग अपर्णा पटेल सोमेश पटेल तृतीय, अनामिका सोनी विनय सोनी प्रथम। यह संस्था माधुरी सोनी के नेतृत्व में विगत दो वर्षों से बच्चों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु संचालित है। प्रतिभागियों के अभिभावक राजनांदगांव पहुंचकर अपने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। संस्थान के निर्देशक अभिषेक शर्मा एवं तनुश्री शर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए विजेता विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।